▪ फाल्गुन शुक्ल - 3 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 227 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 13-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 जली हुई भिंडी है विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडि' : दिनेश शर्मा

6 सीएए नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून

7 डोभाल ने नेतन्याहू से गाजा में युद्ध और मानवीय सहायता पर चर्चा की




## फर्स्ट टेक

### ईरान, रूस और चीन करेंगे संयुक्त सैन्याभ्यास

**तेहरान/एपी।** ईरान हिंद महासागर के दक्षिणी हिस्से में रूस और चीन के साथ संयुक्त नौसैन्य अभ्यास शुरू करेगा। ईरान की सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईरान ने अमेरिका के साथ क्षेत्रीय तनाव के जवाब में चीन और रूस के साथ अपना सैन्य सहयोग बढ़ा लिया है। उसने 2022 में यूक्रेन में सैन्य आक्रमण शुरू करने वाले रूस को उससे पहले सैन्य ड्रोन भी उपलब्ध कराए थे। हाल के वर्षों में रूस और चीन के नौसैन्य प्रतिनिधियों की ईरान यात्रा भी बढ़ गई है।

### एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च को कामकाजी समय समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया था। सूत्रों के मुताबिक, एसबीआई ने शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करते हुए चुनावी बॉण्ड का विवरण निर्वाचन आयोग को सौंप दिया है। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड जारी किए।

### हैती के प्रधानमंत्री ने की इस्तीफा देने की घोषणा

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस/एजेन्सी।** हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने सत्ता हस्तांतरण के लिए राष्ट्रपति परिषद बनने के बाद अपने पद से इस्तीफा देने की मंगलवार को घोषणा की। हेनरी ने यह घोषणा ऐसे समय में की है जब उन पर इस्तीफा देने का अंतरराष्ट्रीय दबाव लगातार बढ़ रहा है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि हैती में आपराधिक गिरोहों की हिंसा के कारण गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई है। हेनरी ने कहा, जिस सरकार का मैं नेतृत्व कर रहा हूं वह सत्ता हस्तांतरण के लिए राष्ट्रपति परिषद की स्थापना के तुरंत बाद इस्तीफा दे देगी।

| 13-03-2024 सूर्यास्त | 14-03-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:16 बजे | 6:19 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,667.96 | 22,335.70 |
| (+165.32) | (+3.05) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,606 रु. | 77,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# भारतीय मुसलमानों को सीएए पर चिंता की जरूरत नहीं : सरकार

## भारतीय मुसलमानों को हिंदुओं के समान मिलते रहेंगे अधिकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) पर भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून में उनकी नागरिकता को प्रभावित करने वाला कोई प्रावधान नहीं है।

मंत्रालय ने कहा कि नागरिकता कानून का भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं।

मंत्रालय ने सीएए के संबंध में मुसलमानों और छात्रों के एक वर्ग की आशंका को दूर करने की कोशिश करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि ''इस कानून के बाद किसी भी भारतीय नागरिक को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करने के लिए नहीं कहा जाएगा।''

### नौ में कोई एक दस्तावेज दे सकते हैं सीएए आवेदक

**नई दिल्ली/भाषा।** नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता पाने के इच्छुक आवेदक यह साबित करने के लिए वैध या कालातीत (एक्सपायर्ड) पासपोर्ट, पहचान पत्र, भू-रिकार्ड समेत नौ दस्तावेजों में कोई भी एक कागजात जमा कर सकते हैं कि वह अफगानिस्तान या बांग्लादेश या पाकिस्तान के नागरिक हैं।

सोमवार को जारी किए गए सीएए नियमों के अनुसार आवेदक यह साबित करने के लिए वीजा और भारत में आगमन पर आव्रजन मुहर सहित 20 दस्तावेजों में कोई एक सौंप सकते हैं कि वे 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में दाखिल हुए थे। इन दस्तावेजों में किसी ग्रामीण या शहरी निकाय के निर्वाचित सदस्य या किसी राजस्व अधिकारी द्वारा जारी संबंधित प्रमाणपत्र भी शामिल है। नियमों में यह भी कहा गया है कि आवेदकों को किसी स्थानीय प्रतिष्ठित सामुदायिक संगठन से जारी अर्हता प्रमाण पत्र भी देना होगा जो इस बात की पुष्टि करे कि आवेदक हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदाय में किसी एक का सदस्य है और अब भी उसी समुदाय में है।

### सीएए के तहत पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल 'लॉन्च' किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यह कदम सरकार द्वारा सीएए 2019 के कार्यान्वयन के लिए नियमों को अधिसूचित करने के एक दिन बाद आया है।

प्रवक्ता ने कहा, सीएए-2019 के तहत नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 अधिसूचित कर दिए गए हैं और एक नया पोर्टल 'लॉन्च' किया गया है।

# 'तमिलनाडु सरकार सीएए लागू नहीं करेगी'



**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को ''विभाजनकारी और बेकार'' बताते हुए मंगलवार को इसे खारिज कर दिया और कहा कि इसे उनके राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। स्टालिन ने लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बीच सीएए लागू करने के लिए नियमों को ''जल्दबाजी में'' अधिसूचित करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सीएए और इसके नियम संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं।

सीएए को लेकर विरोध और उच्चतम न्यायालय में लंबित संबंधित मामलों की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे यह धारणा बनती है कि क्या चुनावी राजनीति के लिए नियमों को ''अब शीर्ष अदालत की आलोचना से बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के इरादे से अधिसूचित किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''सीएए से कोई लाभ नहीं होने वाला है। यह भारतीय जनता के बीच सिर्फ फूट डालने का रास्ता तैयार करेगा।''

# स्टालिन को यह कहने का कोई अधिकार नहीं है कि वह तमिलनाडु में सीएए लागू नहीं करेंगे : अन्नामलाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/भाषा।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री एम. के . स्टालिन के पास कानून के तहत ऐसी कोई शक्ति नहीं है, जिससे वह राज्य में सीएए लागू होने के खिलाफ कोई रुख अख्तियार कर सकें।

राज्य सूची, संघीय सूची व समवर्ती सूची और कानून से संबंधित शक्तियों के पृथक्करण जैसे संवैधानिक प्रावधानों को रेखांकित करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि स्टालिन ने संविधान के तहत पद की शपथ ली है। अन्नामलाई ने कहा कि स्टालिन राजनीतिक रूप से सीएए का विरोध कर सकते हैं, लेकिन वह तमिलनाडु में केंद्रीय कानून को लागू करने के खिलाफ आधिकारिक रुख नहीं अपना सकते हैं और उनके पास संविधान के तहत सीएए व संबंधित नियमों को लागू नहीं करने का निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि यदि स्टालिन ने इस तरह के रुख पर जोर दिया, तो क्या वह मुख्यमंत्री पद की शपथ के खिलाफ जाएंगे।

#### खट्टर के इस्तीफे के बाद

# हरियाणा के मुख्यमंत्री बने सैनी, पांच मंत्रियों ने भी ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ भाजपा के कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, जय प्रकाश दलाल व बनवारी लाल और निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला ने मंत्री पद की शपथ ली

**नई दिल्ली/चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा में मंगलवार को मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफा देने के बाद कुछ घंटे बाद भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सैनी के साथ भाजपा के चार और एक निर्दलीय विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि पूर्व गृह मंत्री और अंबाला छावनी से छह बार के विधायक अनिज विज को नई कैबिनेट में जगह नहीं मिली। ओबीसी नेता सैनी (54) को यहां राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शपथ दिलाई।

भाजपा के कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, जय प्रकाश दलाल व बनवारी लाल और निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला ने मंत्री पद की शपथ ली। ये पांचों निवर्तमान खट्टर मंत्रिमंडल में मंत्री थे। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला, दविंदर बबली और अनूप धानक खट्टर मंत्रिमंडल में अन्य मंत्री थे।

समझा जा रहा है कि विज नाराज हैं और शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद नहीं थे। यहां पार्टी की बैठक के बाद वह सीधे अपने अंबाला स्थित आवास के लिए रवाना हो गए।

इस बीच, सैनी ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को 48 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा है और उनसे बुधवार को विधानसभा सत्र बुलाने का अनुरोध किया है ताकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार सदन में अपना बहुमत साबित कर सके।

# अपनी विरासत संजोकर नहीं रखने वाला देश अपना भविष्य भी गंवा देता है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अहमदाबाद/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है।

मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपए के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा, जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है।

मोदी ने कहा, साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास ''देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई सोच या राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी।

मोदी ने कहा, इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी, जिसके कारण भारत की महान विरासत नष्ट होती चली गई। अतिक्रमण, अस्वच्छता, अव्यवस्था इन सबने हमारी विरासत को हड़प लिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का साबरमती आश्रम हमेशा से ही एक अप्रतिम ऊर्जा का जीवंत केंद्र रहा है।

### यूएपीए के तहत जेकेएनएफ प्रतिबंधित

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने मंगलवार को नईम अहमद खान के नेतृत्व वाले जम्मू कश्मीर नेशनल फ्रंट (जेकेएनएफ) पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंध लगा दिया। गृह मंत्रालय ने एक आदेश में कट्टरपंथी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के घटक जेकेएनएफ को तत्काल प्रभाव से एक गैरकानूनी संगठन घोषित किया।

सरकार ने कहा कि जेकेएनएफ गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहा है, जो देश की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है। उसने कहा कि जेकेएनएफ के सदस्य जम्मू कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने और केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों को साजोसामान सहायता प्रदान करने के लिए आतंकवादी गतिविधियों और भारत के खिलाफ दुष्प्रचार का समर्थन करने में शामिल रहे हैं।




# कांग्रेस ने 43 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 43 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की जिसमें राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ के नाम शामिल हैं।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। वैभव गहलोत को राजस्थान के जालोर लोकसभा क्षेत्र और नकुल नाथ को मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए राहुल कस्वां को उनके मौजूदा संसदीय क्षेत्र चुरू से उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 10 उम्मीदवार सामान्य वर्ग और 33 प्रत्याशी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के लिए सोमवार को 60 से अधिक उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की थी जिनमें करीब 43 पर मुहर लगाई थी।

कांग्रेस ने गत शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का था। उन्हें एक बार फिर से केरल की वायनाड सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।

कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों के थे।

# तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ, न ही चीन को : जयशंकर



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार साल से जारी सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि इस अवधि के दौरान ''तनाव'' से दोनों देशों में से ''किसी को भी कुछ हासिल नहीं हुआ।

जयशंकर ने कहा कि भारत ''निष्पक्ष और उचित समाधान'' खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन यह ऐसा समाधान होना चाहिए, जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा को मान्यता देता हो। उन्होंने सोमवार शाम को एक कार्यक्रम में परिचर्चा के दौरान कहा कि भारत ने ''पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा ईमानदारी से बातचीत के केंद्र में होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की आधिकारिक यात्रा से लौटे जयशंकर ने नई दिल्ली में 'एक्सप्रेस अड्डा' के दौरान कूटनीति की बदलती प्रकृति से लेकर बदल रही वैश्विक व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

जब उनसे सवाल किए गए कि सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए ''चीनी पक्ष ने अतीत में किन प्रस्तावों की पेशकश की और क्या कभी ऐसी स्थिति बनी जब उन्हें ऐसा लगा कि इस मुद्दे को वास्तव में सुलझाया जा सकता है, तो मंत्री ने कहा, सीमा संबंधी विवादों को लेकर वार्ता कर रहे हर देश को यह मानना होता है कि इसका कोई समाधान अवश्य होगा।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बक-झक

इक दूजे को देते धत्ता,
करते नित प्रति चिक चिक हैं।
आरोपों प्रत्यारोपों से,
करते केवल झिक झिक हैं।
गोल नहीं होता है उनसे,
मार रहे कोरी किक हैं।
कहते हैं वे स्वस्थ स्वयं को,
पर सचमुच में वे सिक हैं।।

# विकसित भारत की गारंटी है रेलवे, पांच साल में होगा 'अकल्पनीय कायाकल्प': मोदी



**अहमदाबाद/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रेल के विकास को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता और आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की गारंटी करार देते हुए आज कहा कि भारतीय रेल आधुनिकता की रफ्तार पर ऐसे ही तेजी से आगे बढ़ती रहेगी तथा अगले पांच साल में रेलवे का 'अकल्पनीय कायाकल्प' दिखायी देगा।

मोदी ने आज यहां एवं वर्चुअल माध्यम से आयोजित अब तक के सबसे बड़े सरकारी आयोजन में एक लाख छह हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण किया जिनमें से 85 हजार 457 करोड़ रुपए की परियोजनाएं सिर्फ रेलवे से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने दस नयी वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ियों का शुभारंभ किया और चार मौजूदा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के मार्ग का विस्तार का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केन्द्रीय रेल, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल भी उपस्थित थे।

इस मौके पर वीडियो लिंक के माध्यम से 5960 स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें लगभग दस हजार स्क्रीन के माध्यम से करीब एक करोड़ लोगों ने इसे देखा। करीब सात सौ स्थानों पर राज्यपाल, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, मंत्री आदि भी उपस्थित थे। जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, उनमें सौ सेक्शनों पर करीब 2500 किलोमीटर लंबी नयी लाइनें/मल्टी ट्रैकिंग/ गेज़ परिवर्तन तथा डेढ़ हजार से अधिक 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' स्टॉल, 2135 किलोमीटर विद्युतीकरण, 19 रेलवे वर्कशॉप/लोकोशेड, पिट लाइनें, कोचिंग डिपो आदि शामिल हैं। इसके अलावा दस नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया गया और चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में विस्तार किया गया। दो नयी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी शुभारंभ हुआ है।



# करदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए 'परामर्श' का सहारा लेना चाहिए : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को करदाताओं की संख्या बढ़ाने का आह्वान करने के साथ ही कहा कि यह काम आक्रामक तौर-तरीकों के बजाय परामर्श के जरिये अंजाम दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति ने कहा कि नागरिक-केंद्रित पहल ने कर प्रशासन में लोगों का भरोसा बढ़ाया है।

धनखड़ ने यहां भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दशक में प्रत्यक्ष कर संग्रह में तीन गुना वृद्धि देखी गई है और आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले लोगों की संख्या लगभग ढाई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि करदाताओं के साथ कर प्रशासक का रिश्ता अब एकजुटता और सर्वसम्मति का है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आयकर विभाग के पास अब लोगों के पुराने लेनदेन के बारे में जानने, जागरूकता बढ़ाने और कर अनुपालन के लिए एक तंत्र है। उन्होंने कहा कि विभाग व्यक्तियों तक पहुंचने और आसान कर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी रूप से भी सुसज्जित है। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि संभावित करदाताओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के लाभ के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। धनखड़ ने कहा, कर संग्रह की क्षमता में अब भी काफी गुंजाइश है। यह 1.4 अरब लोगों का देश है और हमारी जनसंख्या के अनुपात में करदाताओं की संख्या वांछनीय नहीं है। हमें यह संख्या बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा, करदाताओं की संख्या आक्रामक कार्रवाइयों से या जबर्दस्ती नहीं बल्कि परामर्श का सहारा लेकर बढ़ाई जानी चाहिए और मुझे यकीन है कि आप हमेशा ऐसा करेंगे।



# राहुल ने आदिवासी-बहुल नंदुरबार में जातिगत गणना, आर्थिक सर्वेक्षण का वादा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50 प्रतिशत से अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें। उन्होंने कहा, जब हम सत्ता में आएंगे, तो कांग्रेस देशभर में जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी। यह एक क्रांतिकारी कदम होगा... हमारे पास प्रत्येक जाति और जनसंख्या में उसके प्रतिनिधित्व का सटीक आंकड़ा होगा। कांग्रेस नेता ने कृषि एवं वन उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी प्रदान करने के वास्ते एक कानून लाने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, भाजपा ने वन अधिकार अधिनियम या भूमि अधिग्रहण अधिनियम जैसे कानूनों को कमजोर कर दिया। हम न केवल उन्हें मजबूत करेंगे, बल्कि यह सुनिश्चित करेंगे कि आदिवासियों के दावों का निपटारा एक साल के भीतर किया जाए।

राहुल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत हजारों दावों को गलत तरीके से खारिज कर दिया और आदिवासियों को जंगल में जाने से वंचित कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्तारूढ़ दल भारत में आदिवासी या जनजातीय आबादी के लिए 'वनवासी' शब्द का इस्तेमाल करता है, ताकि अन्य जातियों के लोगों के आगमन से पहले के उनके अस्तित्व को नकारा जा सके। राहुल ने कहा, आदिवासी' का मतलब है कि आप इस जमीन, जल और जंगल के मूल मालिक हैं। 'वनवासी' शब्द में ऐसे उत्तराधिकार का बोध नहीं होता है। भाजपा आपको 'वनवासी' कहती रहती है, लेकिन आपके जंगलों को नष्ट कर देती है और अडाणी को दे देती है। जनसंख्या में आपकी हिस्सेदारी लगभग आठ प्रतिशत है, लेकिन क्या प्रमुख कॉरपोरेट घरानों या इन निजी कंपनियों में वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर आपका कोई प्रतिनिधित्व है?'' उन्होंने कहा, देश के बजट को आवंटित करने वाले 90 आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारियों में से केवल एक अधिकारी आदिवासी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बजट में खर्च किए गए 100 रुपए में, आदिवासी अधिकारी केवल 10 पैसे के उपयोग के बारे में निर्णय ले सकता है। गुजरात से यात्रा के गुजरने के दौरान प्राप्त जानकारियों के बारे में उन्होंने कहा, गुजरात में सरकार द्वारा अधिग्रहित भूमि का 25% हिस्सा आदिवासियों, दलितों और पिछड़े समुदायों का है। यह कैसा विकास हो रहा है कि आपकी ज़मीन छीनी जा रही है?''

# केरल में प्रमुख चुनावी मुद्दा बना सीएए, एलडीएफ और यूडीएफ का विरोध प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) से जुड़े नियमों को अधिसूचित किया जाना केरल में लोकसभा चुनाव के लिहाज से एक प्रमुख मुद्दा बन गया है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने इसके खिलाफ कई जगह विरोध प्रदर्शन किया है, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसका पुरजोर बचाव करते हुए कहा है कि यह कानून मुस्लिमों को निशाना नहीं बनाता है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के संबंध में केंद्र की अधिसूचना के खिलाफ केरल के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं, क्योंकि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ने फैसले की निंदा करने के लिए केंद्र सरकार के संस्थानों तक कई मार्च आयोजित किए। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन द्वारा सीएए को विभाजनकारी बताकर इसकी निंदा करने और इसे राज्य में लागू नहीं करने का आश्वासन देने के एक दिन बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावडेकर ने उनकी आलोचना की और आरोप लगाया कि विजयन जनता को गुमराह कर रहे हैं।

जावडेकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, श्री पिनराई, लोगों को मूर्ख मत बनाएं। सीएए किसी की नागरिकता रद्द करने के लिए नहीं बल्कि धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है। यह मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण नहीं है। केरल भाजपा के प्रभारी जावडेकर ने कहा कि मुसलमानों को पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान में उनके धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जाता है। केंद्र द्वारा विवादास्पद नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को लागू करने की घोषणा के तुरंत बाद विजयन ने कहा था कि उनकी सरकार ने बार-बार कहा है कि यह अधिनियम, जो मुस्लिम अल्पसंख्यकों को दूसरे दर्जे के नागरिकों के रूप में मानता है, केरल में लागू नहीं किया जाएगा।

spiceJet flying for everyone

## रणनीतिक पुनर्गठन के तहत वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने इस्तीफा दिया : स्पाइसजेट

**नई दिल्ली/भाषा।** स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन में रणनीतिक पुनर्गठन के तहत उसके वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण कश्यप और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने अपना इस्तीफा दे दिया है।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने बयान में कहा, स्पाइसजेट के रणनीतिक पुनर्गठन के तहत मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि हाल में पूंजी जुटाने के साथ ही कंपनी पिछले सभी विवादों के समाधान की प्रक्रिया तेज कर रही है और राजस्व तथा यात्रियों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हो रही है।

# 'चंद्रशेखर बताएं कि भाजपा ने तिरुवनंतपुरम के लिए क्या किया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के लोकसभा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके 'अज्ञानी प्रतिद्वंद्वी' को पहले मतदाताओं को यह बताना चाहिए कि भाजपा ने अपने 10 साल के शासन में क्षेत्र के लिए क्या किया। चंद्रशेखर ने थरूर पर अपने संसदीय क्षेत्र में काम नहीं करने का आरोप लगाया था।

थरूर ने सोमवार रात एक सवाल के जवाब में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैं सवाल को घुमाऊंगा और पूछूंगा कि भाजपा ने अपने 10 साल के शासन में तिरुवनंतपुरम के लिए क्या किया। यहां तक कि संसद में किए गए वादों का भी सम्मान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तिरुवनंतपुरम के लिए एम्स, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और कई अन्य परियोजनाओं का वादा किया था। थरूर ने पूछा, वे केंद्र में वादे करते हैं लेकिन वे उन्हें कभी पूरा नहीं करते हैं। यह भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है। हमें इस पार्टी के किसी भी नए वादे पर भरोसा क्यों करना चाहिए। हालांकि, थरूर ने कहा कि वह चन्द्रशेखर के इस बयान से सहमत हैं कि यह चुनाव व्यक्तियों के बीच की लड़ाई नहीं है, यह विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। थरूर ने कहा, हम जानते हैं कि हम किसके लिए खड़े हैं। क्या वह जानते हैं कि उनकी पार्टी किस लिए खड़ी है? क्या वह इस तरह के सांप्रदायिक एजेंडे का बचाव कर सकते हैं जिसका भाजपा कर रही है? मैं चाहूंगा कि वह इस सवाल का जवाब दें।

## सीएए के खिलाफ प्रदर्शन से पहले दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में 55 छात्रों को हिरासत में लिया गया

**नई दिल्ली/भाषा।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय कला संकाय में एकत्रित हुए लगभग 55 छात्रों को मंगलवार को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वामपंथ से संबंधित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के कई विद्यार्थियों ने सोमवार को केंद्र द्वारा लागू सीएए के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया था। आइसा की दिल्ली विवि इकाई के अध्यक्ष माणिक गुप्ता ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही विद्यार्थियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया, कई छात्र जो विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले रहे थे और कला संकाय के बाहर सिर्फ खड़े थे उन्हें भी संदेह के आधार पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# गैंगस्टर काला जठेड़ी ने दिल्ली में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अनुराधा चौधरी के साथ लिए सात फेरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी और हिस्ट्रीशीटर अनुराधा चौधरी उर्फ मैडम मिंज मंगलवार को दिल्ली में भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच सात फेरे लिए।

चौधरी हरियाणा के सोनीपत से एक एसयूवी कार में विवाह स्थल पर पहुंचा। पुलिस ने द्वारका सेक्टर-3 के संतोष गार्डन इलाके में स्थित बारात घर के आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की है। संदीप के वकील ने 51,000 रुपए में बारात घर बुक किया है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर की आपराधिक छवि और उसके पिछले रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए एक योजना बनाई थी। एक समय वांछित अपराधी और सात लाख रुपए के ईनामी रहे संदीप को अपनी शादी के लिए दिल्ली की एक अदालत से छह घंटे की पैरोल मिली थी। चौधरी के खिलाफ भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## थर्मोन्यूक्लियर अनुसंधान, उत्तरी सागर की पारगमन क्षमता पर चर्चा कर रहे भारत और रूस : रोसातोम सीईओ

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** भारत और रूस नियंत्रित थर्मोन्यूक्लियर संलयन (फ्यूजन) पर अनुसंधान और उत्तरी सागर मार्ग की पारगमन क्षमता को संयुक्तरूप से विकसित करने सहित कई गतिविधियों पर सहयोग के लिए चर्चा कर रहे हैं।

मास्को में सरकारी परमाणु ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी रोसातोम के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। रोसातोम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ए.ई. लिखाचेवा ने कहा कि भारत के साथ चर्चा का मुख्य विषय परमाणु प्रौद्योगिकियों और गैर-ऊर्जा व गैर-परमाणु क्षेत्रों में भावी सहयोग की संभावनाओं को तलाशना है। तमिलनाडु में स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केएनपीपी) का पिछले महीने दौरा करने वाले लिखाचेवा ने कहा कि दोनों पक्षों ने केएनपीपी की पहली इकाइयों के निर्माण के दौरान सहयोग में व्यापक अनुभव प्राप्त किया है।

लिखाचेवा ने ईमेल के माध्यम से कहा, भारत के साथ हमारा सहयोग पहले ही सीमाओं के परे पहुंच चुका है। बांग्लादेश में पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र 'रूपपुर एनपीपी' बनाने के लिए भारतीय कंपनियां रोसातोम की परियोजना में भागीदारी कर रही हैं। इसके अलावा, रोसातोम गतिविधियों के लिए बड़ी संख्या में नए क्षेत्र विकसित करने में जुटा है। इनकी संख्या 80 के आस-पास है। इनमें से कई में विकास गतिविधियों को वह अपने मित्र देशों के साथ साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, हम भारतीय पक्ष को कम-शक्ति वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण में अपनी दक्षताओं की पेशकश कर सकते हैं।

## गड़करी ने उद्धव का प्रस्ताव ठुकराया, कहा:
# भाजपा किसे उम्मीदवार बनाए इसकी चिंता एमवीए न करे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए) उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने के निमंत्रण को 'अपरिपक्व और हास्यास्पद' करार देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन की एक प्रणाली है।

ठाकरे के एक हालिया बयान के संदर्भ में पूछे जाने पर गडकरी ने ने कहा कि शिवसेना नेता को भाजपा नेताओं के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। ठाकरे ने पिछले सप्ताह एक रैली में कहा था कि गडकरी को 'महाराष्ट्र की क्षमता' दिखानी चाहिए और 'दिल्ली के सामने झुकने' के बजाय इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा था, हम एमवीए (महाराष्ट्र विकास आघाडी) उम्मीदवार के रूप में उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे।

गडकरी ने कहा, ठाकरे का सुझाव अपरिपक्व और हास्यास्पद है। भाजपा में उम्मीदवारों को टिकट देने की एक व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि ठाकरे का सुझाव आगामी लोकसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र में टिकट वितरण पर भाजपा की चर्चा से काफी पहले आया है। उन्होंने द्वारका एक्सप्रेस-वे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड को जनता के लिए खोले जाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में यह टिप्पणी की। गडकरी ने विश्वास जताया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी। उन्होंने द्वारका एक्सप्रेस-वे को एक अत्याधुनिक परियोजना करार दिया और कहा, सरकार ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के ठेके देने में अनुमान के मुकाबले निर्माण लागत में 20 प्रतिशत की बचत की है। गडकरी ने यह भी कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में सड़क, राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए 65,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं हैं।

## तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे को एसीआई ग्लोबल पुरस्कार मिला

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** 'एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल' ने तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को वैश्विक स्तर पर आगमन के लिए सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे के रूप में पुरस्कृत किया है। मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई।

तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (टीआईएएल) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) ने तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलूरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल ए को एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) पुरस्कार 2023 प्रदान किया है।

इसमें कहा गया कि एएसक्यू पुरुस्कार यात्रियों की प्रतिक्रियाओं के आधार पर दिया जाता है और यह यात्रियों को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने में हवाई अड्डे की प्रतिबद्धता का प्रमाण माना जाता है। बयान में कहा गया, यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान कर उन्हें संतुष्ट करने के सफल प्रयासों और समर्पण के लिए तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे को वैश्विक पुरस्कार से नवाजा गया है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए टीआईएएल के प्रवक्ता ने कहा, हमें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाकर खुशी हो रही है।

# नमाज मामला: उपनिरीक्षक के निलंबन के खिलाफ हिंदू रक्षा दल ने पुलिस मुख्यालय पर प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** हिंदू रक्षा दल के सदस्यों ने इंद्रलोक इलाके में नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को लात मारने के आरोप में उप-निरीक्षक को निलंबित किए जाने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दक्षिणपंथी संगठन के कई सदस्यों ने 'हनुमान चालीसा' का पाठ किया और 'जय श्री राम' के नारे लगाए।

उप-निरीक्षक मनोज कुमार तोमर ने 8 मार्च को उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक में सड़क पर नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को धक्का दिया था और लात मारी थी, जिसे लेकर सैकड़ों स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।

हिंदू रक्षा दल के एक नेता ने कहा, अगर उन्हें सड़कों पर नमाज पढ़ने का अधिकार है, तो हमें भी सड़कों पर हनुमान चालीसा का पाठ करने का अधिकार है। हमारी मुख्य मांग उप-निरीक्षक की काम पर बहाली और उसके निलंबन आदेश को रद्द करने को लेकर है।

एक अन्य नेता विष्णु गुप्ता ने कहा कि विभिन्न संगठनों के नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

गुप्ता ने कहा, एक समुदाय के लोगों ने सड़क जाम कर दी, शांति भंग की और पुलिस कर्मियों से मारपीट की, लेकिन उप-निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो वहां जाम जैसी स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मुलाकात करके कहेंगे कि एसआई मनोज कुमार तोमर को ड्यूटी पर वापस लाया जाए और उन्हें सुरक्षा भी मुहैया कराई जाए।

गुप्ता ने कहा कि पुलिस ने करीब 50 से 60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है और उन्हें संसद मार्ग थाने में रखा है।

# तमिलनाडु सरकार सीएए लागू नहीं करेगी : स्टालिन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को 'विभाजनकारी और बेकार' बताते हुए मंगलवार को इसे खारिज कर दिया और कहा कि इसे उनके राज्य में लागू नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बीच सीएए लागू करने के लिए नियमों को ''जल्दबाजी में'' अधिसूचित करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सीएए और इसके नियम संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं।

उन्होंने कहा, ''सीएए से कोई लाभ नहीं होने वाला है। यह भारतीय जनता के बीच सिर्फ फूट डालने का रास्ता तैयार करेगा। उनकी सरकार का रुख यह है कि यह कानून पूरी तरह अनुचित है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए।''

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, स्टालिन ने कहा, ''इसलिए, तमिलनाडु सरकार राज्य में सीएए लागू करने का किसी भी तरीके से कोई अवसर नहीं देगी।''

राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने दोहराया कि सीएए बहुलवाद, धर्मनिरपेक्षता, अल्पसंख्यक समुदायों और श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों के खिलाफ है।

## सीएए की अधिसूचना को अन्नाद्रमुक ने बताया ऐतिहासिक भूल



**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव ए के पलानीस्वामी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के लागू होने की आलोचना की और कहा कि केंद्र सरकार ने इसके कार्यान्वयन के साथ एक ऐतिहासिक भूल की है। उन्होंने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, ''अन्नाद्रमुक इस कदम की कड़ी निंदा करती है, जिसका उद्देश्य राजनीतिक लाभ लेने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले लोगों को विभाजित करना है। जबकि इसे पिछले पांच वर्षों से लागू नहीं किया गया था।''

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पलानीस्वामी ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, केंद्र सरकार ने इसे लाकर एक ऐतिहासिक भूल की है। अन्नाद्रमुक इसे स्वदेशी लोगों – मुसलमानों और श्रीलंकाई तमिलों के खिलाफ लागू करने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देगी। अन्नाद्रमुक देश के लोगों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेगी। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों- हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान करने की अनुमति देता है। केंद्र द्वारा सोमवार को सीएए के नियमों को अधिसूचित किया गया।





# चेन्नई से प्रारंभ हुई मैसूरु वंदेभारत एक्सप्रेस

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग की मदद से किया शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय रेलवे में 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय रेलवे में 10 वंदे भारत ट्रेनों और अन्य रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। दक्षिणी रेलवे में विभिन्न स्थानों पर कई औपचारिक समारोह आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें देश को समर्पित किया। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के कई प्रमुख खंड राष्ट्र को समर्पित किए और 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने तिरुवनंतपुरम-कासरगोड वंदे भारत एक्सप्रेस को मंगलूरु सेंट्रल तक विस्तारित किया तथा मंगलूरु सेंट्रल से हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा एसआर में, बेसिन ब्रिज पर पिट लाइन, डॉ एमजीआर सेंट्रल में रेल कोच रेस्तरां, 4 स्थानों पर जन औषधि केंद्र, 6 स्थानों पर गुड्स शेड और 205 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल राष्ट्र को समर्पित किए गए।

**चेन्नई-मैसूरु वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई :** डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल में, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने चेन्नई मैसूरु वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम मेंअतिरिक्त महाप्रबंधक कौशल किशोर, क्षेत्रीय मंडल रेल प्रबंधक बी. विश्वनाथ व चेन्नई और दक्षिण रेलवे के अन्य अधिकारी और कर्मचारी, छात्र, स्काउट्स और गाइड, रेल यात्री आदि अनेक जन उपस्थित थे। दोनों शहरों के बीच दूसरी विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस तीसरी प्रीमियम सेवा भी है। चेन्नई-बेंगलूरु-मैसूरु के बीच नियमित रूप से यात्रा करने वाले पेशेवरों, व्यापारियों और विद्यार्थी इस ट्रेन से लाभान्वित होंगे। नई ट्रेन को काटपाडी, कृष्णराजपुरम, बेंगलूरु और मंड्या में ठहराव प्रदान किया गया है।

**कोल्लम-तिरुपति के बीच एक्सप्रेस ट्रेन सेवा :** प्रधानमंत्री ने कोल्लम-तिरुपति को जोड़ने वाली पहली विशेष मेल/एक्सप्रेस सेवा को हरी झंडी दिखाई। संसद एनके प्रेमचंद्रन और कोडिकुन्निल सुरेश कोल्लम जंक्शन पर इस अवसर पर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में वीजी एमआर, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, तिरुवनंतपुरम, पलक्कड़ और अन्य अधिकारी, कर्मचारी, रेल यात्री आदि उपस्थित थे। कोल्लम – तिरुपति – कोल्लम एक्सप्रेस ट्रेन केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों की सेवा करने वाले सबरीमाला, गुरुवयूर और तिरुपति जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। नई सेवा मार्ग में पड़ने वाले एर्नाकुलम, अलुवा और कोल्लम जैसे कई पर्यटक आकर्षण केंद्रों के साथ-साथ कोयंबटूर, तिरुप्पुरेनरूट जैसे तमिलनाडु के औद्योगिक और कपड़ा केंद्रों को जोड़ने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देगी।

# कमल हासन और विजय ने सीएए का किया विरोध



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दिग्गज अभिनेता और 'मक्कल निधि मय्यम' पार्टी के संस्थापक कमल हासन और अभिनेता विजय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) लागू किये जाने का मंगलवार को कड़ा विरोध किया। विजय ने हाल ही में अपनी राजनीतिक पार्टी 'तमिझागा वेत्री कषगम' गठित की है। हासन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम चुनाव से पहले सीएए के माध्यम से लोगों को विभाजित करने और सद्भाव को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने कानूनी और राजनीतिक रूप से सीएए का दृढ़ता से विरोध किया है।

हासन ने कहा, ''अपनी धर्मनिरपेक्ष साख और भारत के संविधान के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप मक्कल निधि मय्यम इस अधिनियम को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देने वाली तमिलनाडु की पहली राजनीतिक पार्टी थी।'' केंद्र सरकार ने सीएए को लागू करने के लिए सोमवार को नियमों को अधिसूचित कर दिया था।

हासन ने एक बयान में आरोप लगाया कि सीएए को लागू करना भाजपा के नापाक मंसूबों' को दर्शाता है और शायद यह भारत के उस 'दृष्टिकोण' का एक आदर्श उदाहरण है जिसे भाजपा सत्ता में वापस आने पर गढ़ना चाहती है।

हासन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा उपेक्षित और नजरअंदाज किए जाने के बाद अब मुस्लिम भाइयों को रमजान के पहले दिन यह दुखद खबर मिली है, यह घाव पर नमक छिड़कना है।

दिग्गज अभिनेता ने सवाल किया कि अगर सीएए उत्पीड़न के शिकार धार्मिक अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए है, तो इसमें श्रीलंकाई तमिलों को क्यों शामिल नहीं किया गया जिन्होंने इसी तरह की कठिनाइयों का सामना किया है।

अभिनेता विजय ने सीएए को 'विभाजनकारी' करार दिया और कहा कि यह अस्वीकार्य है। लोकप्रिया अभिनेता ने मांग की है कि द्रमुक मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार लोगों को आश्वस्त करे कि तमिलनाडु में सीएए को लागू नहीं किया जाएगा।

अभिनेता विजय की पार्टी तमिझागा वेत्री कषगम वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी क्योंकि उन्होंने पहले ही घोषणा की थी कि 2026 का विधानसभा चुनाव उनके संगठन के लिए पहला चुनाव होगा।

# अभिनेता-राजनेता शरत कुमार ने अपनी पार्टी का भारतीय जनता पार्टी में किया विलय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिल अभिनेता से नेता बने शरत कुमार ने अपनी राजनीतिक पार्टी – ऑल इंडिया समथुवा मक्कल काची (एआईएसएमके) का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय की घोषणा की है। शरत कुमार ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रवादी उद्देश्यों से भाजपा में विलय कर रही है। इससे पहले दिन में, शरत कुमार ने मीडियाकर्मियों से कहा कि भाजपा आगामी आम चुनावों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में इस बार तीनतरफा कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता शरत कुमार पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं। वह तेनकासी विधानसभा सीट से विधायक भी रहे हैं। अतीत में द्रमुक और अन्नाद्रमुक दोनों के साथ गठबंधन करने के बाद शरत कुमार अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा हैं। एआईएसएमके के भाजपा में विलय के साथ अभिनेता-राजनेता को अब एनडीए में एक बड़ा पद मिलने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, शरत कुमार तिरुनेलवेली क्षत्र से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गति शक्ति कार्गो टर्मिनल परियोजना का 'ऑनलाइन' उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामको सीमेंट्स की गति शक्ति टर्मिनल परियोजना का उद्घाटन किया। परियोजना पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में स्थित है। यह परियोजना सीमेंट उद्योग में अपनी तरह की पहली परियोजना है। रामको सीमेंट्स पर्यावरण-अनुकूल तरीके से इलेक्ट्रिक इंजन का उपयोग कर रेलवे वैगन के माध्यम से टुकड़े में बदले चूना पत्थर का परिवहन करेगी। रामको सीमेंट्स ने बयान में कहा कि गति शक्ति कार्गो टर्मिनल परियोजना आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले के जयंतीपुरम में स्थित है। टुकड़े वाले चूना पत्थर को बुदावाड़ा में रामको सीमेंट्स की खदानों से कंपनी की एकीकृत सीमेंट सुविधा तक ले जाया जाएगा।



## हिन्दू सम्राट संतश्री कमाचीपुरी आदिनम का निधन, शोक की लहर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** शहर के कामाचीपुरी अथीनम शक्तिश्री शिवलिंगेश्वर स्वामी का निधन हो गया। आध्यात्मिक जगत में जाने माने संतश्री को कम उम्र में ही आध्यात्मिकता में रुचि थी और उन्होंने कोयंबटूर में कामाचीपुरी एथीनम की स्थापना की थी।

इस संस्था के माध्यम से उन्होंने आध्यात्मिक कार्य, राष्ट्रीय कार्य और सामुदायिक सेवाकी। सादगी की प्रतिमूर्ति होने के कारण वे सभी के लिए सुलभ थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को आध्यात्मिकता की आवश्यकता बताते हुए हमेशा आरएसएस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय ताकतों को प्रोत्साहित किया। उनके नेतृत्व में कोयंबटूर सहित कोंगु क्षेत्र के सैकड़ों मंदिरों में कुंभाभिषेकम का आयोजन किया गया था। वे बेसहारा बच्चों के लिए अनाथालय चलाते थे।

संतश्री हिन्दू धर्म के समर्थक थे और जब भी हिन्दू धर्म पर कोई आंच आती थी वे सबसे पहले सामने आते थे। उनके निधन से आध्यात्मिक जगत में एक मायूसी छा गई है और हिन्दू समर्थकों को बेहद आघात लगा है।

## सेपियंस ने लॉसल्टर ग्रुप के लॉन्च के साथ विश्व किडनी दिवस मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** सैपियंस हेल्थ फाउंडेशन ने लोसाल्टर समूह और वेबसाइट लॉन्च के सात शहर में विश्व किडनी दिवस मनाया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राजन रविचंद्रन ने बताया कि फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय एनजीओ 'रेजोल्यूशन' के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत जीवन बचाने के लिए पूरे देश में कम से कम 300 चिकित्सकों को उपकरणों के साथ प्रशिक्षित करना मुख्य उद्देश्य है। वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट व मुम्बई किडनी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. उमेश खन्ना ने कहा कि किडनी की समस्या से बचने के लिए नमक के सेवन पर नियंत्रण करना होगा। सेवानिवृत्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो थिरुमालाचारी रामासामी ने वेबसाइट व सदस्यता कार्यक्रम लॉन्च किया। वेबसाइट नमक और स्वास्थ्य के बीच संबंधों पर दृष्टिकोण साझा करती है। इस मौके पर सेपियंस फाउंडेशन के ट्रस्टी सुंदर रामचन्द्रन ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. राजन रविचंद्रन के उल्लेखनीय योगदान दिया।

## बाघ अभयारण्य में जंगली हाथी ने ली बुजुर्ग की जान

**इरोड।** सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य में मंगलवार सुबह एक जंगली हाथी ने 74 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य (एसटीआर) के भीतर स्थित थलावाडी वन क्षेत्र में दिगिनराई के ग्रामीणों के अनुसार, गीरहल्ली इलाके के मथिया (74) सोमवार की रात एक निजी परिसर के चौकीदार के रूप में ड्यूटी के लिए गए थे ताकि जंगली जानवरों के प्रवेश को रोका जा सके। वन अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह उन्होंने एक वयस्क हाथी को परिसर में प्रवेश करते देखा और उसे डराने के लिए उन्होंने पटाखे फोड़े, हालांकि हाथी ने व्यक्ति पर हमला कर दिया और उसे कुचलकर मौके पर ही मार डाला। हाथी के चिंघाड़ने और मथिया के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने मथिया को बेहोश पाया। उन्होंने तुरंत वन अधिकारियों से संपर्क किया और वन अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# मुरुगन को आज श्रीलंकाई उच्चायोग ले जाया जाएगा : तमिलनाडु सरकार

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया कि राजीव गांधी हत्याकांड के दोषी मुरुगन उर्फ श्रीहरन को यात्रा दस्तावेजों के लिए उसकी याचिका के संबंध में 13 मार्च को श्रीलंकाई उच्चायोग तक ले जाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। मुरुगन श्रीलंकाई नागरिक है और उन सात दोषियों में से एक है, जिन्हें 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के सिलसिले में तीन दशक की कैद के बाद नवंबर 2022 में उच्चतम न्यायालय ने रिहा कर दिया था।



अतिरिक्त लोक अभियोजक आर मुनियप्पाराज ने मामले में दोषी और मुरुगन की पत्नी नलिनी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने वाली न्यायमूर्ति आर सुरेश कुमार और के कुमारेश बाबू की पीठ को इस बारे में अवगत कराया। अपनी याचिका में, नलिनी ने अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि तिरुचिरापल्ली के विशेष शिविर (विदेशी हिरासत केंद्र) में बंद उसके पति को सभी देशों का 'पासपोर्ट' हासिल करने के लिए किसी भी कार्य दिवस पर सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े तीन बजे के बीच चेन्नई में श्रीलंकाई उच्चायोग के सामने पेश करने की अनुमति दे। दंपती का इरादा अपनी बेटी के पास जाने का है जो अब ब्रिटेन में रह रही है। नलिनी भारतीय नागरिक है।

पीठ ने आठ मार्च को एक अंतरिम आदेश पारित किया था, जिसमें त्रिची के जिलधिकारी को मुरुगन के लिए पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज के संबंध में एक या दो दिन के भीतर मिलने का समय तय करने के लिए उच्चायोग से संपर्क करने को लेकर कदम उठाने का निर्देश दिया था। अपने वर्तमान आदेश में, पीठ ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दाखिल स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि याचिकाकर्ता के पति को बुधवार दोपहर 12.30 बजे श्रीलंकाई उच्च तक उच्चायोग ले जाने के लिए सभी व्यवस्था की गई है।

# सार्वजनिक स्थलों पर लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस गठबंधन लगभग तय हो चुका है, सहयोगी दलों में वीसीके और वामपंथी दलों में सीटों की आवंटन हो चुका है।

द्रमुक (डीएमके) 21 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे वहीं कांग्रेस को पुडुचेरी 1 समेत तमिलनाडु में 10 सीट आवंटित की हैं, दो सीटें वीसीके तिरुमावलवन के पाटी को दी गयी हैं, वहीं दो सीट वामपंथी दलों को भी आवंटित की गई है।

बची पांच सीटें अन्य सहयोगी दलों को आवंटित की जाएगी जिसे द्रमुक के चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव लड़ना होगा। कमल हसन भी इंडिया गठबंधन में सहयोगी भूमिका में रहेंगे। वह चुनाव तो नहीं लड़ेंगे लेकिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें राज्यसभा में भेजने को आश्वासन दिया है। जहाँ इंडि अलाइंस तमिलनाडु में अपने सहयोगी दलों के साथ आगे बढ रहे हैं।

दूसरे तरफ भाजपा अब तक सहयोगी दलों के साथ सीटों के शेयरिंग और गठबंधन में पीछे हैं। खासकर भाजपा 400 पार के लक्ष्य के बावजूद भी वह दो छोटे दल तमिल मानिला कांग्रेस और एएमके टीटीवी दिनकरण के साथ गठबंधन कर पाई है। जिनके प्रभाव तमिलनाडु के राजनीति में बहुत कम है। बनियर समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रही पार्टी पीएमके अर्थात पटाली मक्कल कच्छी एस रामदास की पार्टी अबतक किसी भी गठबंधन के हिस्सा नहीं बन पाई है। यहाँ पिता और पुत्र में गठबंधन को लेकर मतभेद है। जहाँ एस. रामदास अन्नाद्रमुक पलनीस्वामी के साथ गठबंधन चाहती है, वही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनुबुमणि रामदास भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल होना चाहते हैं।

दिवंगत विजयकांत की पार्टी डीएमडीके और एआईएडीएमके की गठबंधन की बात खबरें में है लेकिन सीटों के शेयरिंग पर अब तक कुछ तय नहीं हुआ है। खबर है कि आगामी 15 से 18 मार्च तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत के राज्यों के दौरे पर होंगे और तमिलनाडु में भी वह चुनाव प्रचार कर सकते हैं लेकिन अब तक भाजपा के साथ कोई मजबूत गठबंधन नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि आखिर भाजपा के साथ तमिलनाडु के सहयोगी दल कौन-कौन है।

पूर्व मुख्यमंत्री अन्नाद्रमुक के नेता पलनीस्वामी के अनुसार वह किसी भी कीमत पर भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेगी उनका कहना है कि तमिलनाडु में उनके दो करोड़ के लगभग कार्यकर्ता है जो भाजपा के साथ गठबंधन नहीं चाहते है। ऐसे में हम भाजपा के साथ किसी भी कीमत पर जाने को तैयार नहीं है जबकि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व चाहता है पिछले विधानसभा की तरह इस बार भी अन्नाद्रमुक समेत मजबूत गठबंधन बनाया जाए, यही वजह है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तूतीकोरिन और तिरुचिरापल्ली के सभा में पूर्व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन और जयललिता की तारीफ की थी।

गौरतलब है कि तमिलनाडु के लोकसभा चुनाव के सुगबुगाहट के बीच चाय पान के दुकान और सार्वजनिक स्थलों पर राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गई है और राजनीति पर बहस को लेकर बाजार गर्म होने लगा है। उत्तर चेन्नई के तंडियारपेट के दुकान पर कुछ लोग चाय की चुस्की के साथ अपने दोस्त से कह रहे हैं, भाई इस बार तमिलनाडु में भी कमल खिलेगा वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई के तारीफ करते हुए कहता है की अन्नामलाई के प्रति लोगों की सहानुभूति जोरों पर है। उन्होंने मिचौंग तूफान के वक्त ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बहुत मदद की।

उन्होंने डीएमके के भ्रष्टाचार को घर-घर तक पहुंचाया है इसलिए भाजपा इस बार तमिलनाडु में चमत्कार कर सकता है लोगों के अंदर भाजपा के प्रति सहानुभूति बढी है। उत्तर चेन्नई के ही मनली टाउन बस स्टैंड में बस की इंतजार कर रहे यात्री एक दूसरों के साथ राजनीतिक बहस करते हुए कहते हैं कि यहां नरेंद्र मोदी को कुछ हासिल होने वाला नहीं है यहां तो सूरज के सामने कमल का कोई अस्तित्व नहीं है। तो दूसरे साथी कहते हैं ऐसा नहीं है इस बार तमिलनाडु में उलटफेर हो सकता है, पहले जब प्रधानमंत्री तमिलनाडु आते थे तो उनके विरोध में आवाज़ उठती थी लेकिन इस बार केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में तमिलनाडु के राज्य इकाई ने घर-घर संवाद पहुंचाया है तमिलनाडु के अध्यक्ष के अन्नामलाई लोगों के बीच लोकप्रिय इसलिए यह कहना जल्दीबाजी होगी कि इस बार द्रमुक 2019 के तरह क्लीन स्वीप कर पाएगी। हिंदी भाषी क्षेत्र साहुकारपेट, चुलै,माधवरम, आदि भाजपा के लहराते झंडे देखने से ऐसा लगता है कि इसबार लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय दल भाजपा छोटे छोटे सहयोगी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी बेहतर कर सकते हैं। वही भाजपा तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई के अनुसार कोयम्बटूर और उसके आसपास के क्षेत्रों में भाजपा का कमल खिलने से कोई नहीं रोक सकता। उल्लेखनीय है कि कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व वामपंथी पार्टी कर रहे हैं, लेकिन कोयंबटूर लोकसभा सीट इस बार द्रमुक के खाते में गया है जिनके कारण या माना जा रहा है की पिछले कुछ वर्षों में कोयंबटूर क्षेत्र में भाजपा ने अपना विस्तार किया है तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को डर है यदि भाजपा की लोकप्रियता के बीच यदि कोयंबटूर लोकसभा सीट सहयोगी दलों को दी जाएगी तो भाजपा उसे हरा सकती है।

**– विष्णुदेव मंडल,**
मोबाइल 9360501500





# पोकरण में तीनों सेनाओं का 'भारत शक्ति' युद्धाभ्यास आरंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। तीनों सेनाओं के स्वदेश निर्मित रक्षा उपकरणों की शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए 'भारत शक्ति' महा अभ्यास मंगलवार को राजस्थान के पोकरण फायरिंग रेंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की उपस्थिति में शुरू हुआ। इस अभ्यास के दौरान स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का करीब 50 मिनट तक समन्वित प्रदर्शन किया जा रहा है। 'भारत शक्ति' के दौरान, देश को आत्मनिर्भर बनाने की पहल के तहत स्वदेश में विकसित हथियार प्रणालियों और मंचों की एक शृंखला प्रदर्शित की जा रही है।

इसमें कहा गया कि यह अभ्यास भूमि, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र में खतरों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की एकीकृत परिचालन क्षमताओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

एलसीए तेजस, एएलएच एमके–चार, एलसीएच प्रचंड, सचल ड्रोन रोधी प्रणाली, बीएमपी–द्वितीय और इसके संस्करण, नामिका (नाग मिसाइल कैरियर), टी90 टैंक, धनुष, के9 वज्र और पिनाका रॉकेट उन मंच (प्लेटफार्म) में शामिल हैं जिनका पोकरण में प्रदर्शन किया जा रहा है। पोकरण जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सेना डिजाइन ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल सी एस मान ने यहां संवाददाताओं से कहा था कि भारतीय संदर्भ में समन्वित संयुक्त अभियान निर्णायक होंगे।

रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इस तरह के पैमाने पर अपनी तरह का यह पहला अभ्यास किसी भी दिशा (उत्तरी या पश्चिमी सीमा) या किसी प्रतिद्वंद्वी को लक्ष्य बनाकर नहीं किया जा रहा। जैसलमेर जिले के पोकरण में होने वाले अभ्यास में कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग से एकीकृत प्रणालियों और मंचों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।'

# भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सेनाओं की ताकत तभी बढ़ती है, जब देश आर्थिक रूप से सशक्त होता है। आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश का सामर्थ्य निरंतर बढ़ रहा है और हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और विकसित राजस्थान, विकसित सेना को ताकत प्रदान करेगा।

मोदी मंगलवार को जैसलमेर के पोकरण में भारत शक्ति अभ्यास के अवसर पर आयोजित प्रदर्शन का अवलोकन कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी भारतीय सेनाओं के शौर्य के साक्षी बने। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीरता और कौशल का यह प्रदर्शन नए भारत की गूंज है।

आज पोकरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और उसके गौरव की त्रिवेणी का साक्षी बना है। यह वही पोकरण है जिसने भारत को परमाणु सम्पन्न राष्ट्र बनाया। आज हम यहीं हमारी सेनाओं के स्वदेशीकरण से सशक्तीकरण होने के गवाह बन रहे हैं।


प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालो में भारतीय सेना का सामर्थ्य बढ़ा है। भारत देश पहले रक्षा उपकरणों का आयातक था परन्तु आज एक बड़ा निर्यातक बन रहा है। भारत शीघ्र ही रक्षा क्षेत्र में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) पर सैनिक परिवारों से झूठ बोला गया। हमारी सरकार ने आते ही ओआरओपी की गारन्टी को पूरा किया। अब तक राजस्थान के 1.75 लाख पूर्व सैनिकों को ओआरओपी के तहत 5,000 करोड़ रुपये का लाभ मिल चुका है।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडे, चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी, चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल आर. हरि कुमार एवं मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# जैसलमेर के पास तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय वायुसेना का एक तेजस विमान मंगलवार को जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान का पायलट सुरक्षित है। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। जैसलमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि विमान कल्ला कॉलोनी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने पीटीआई–भाषा को बताया, 'पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।' भारतीय वायसेना ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर भी इसकी जानकारी दी। इसके अनुसार, 'भारतीय वायुसेना का एक तेजस विमान आज ऑपरेशनल ट्रेनिंग उड़ान के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकल आया।' इसके अनुसार, 'दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है।'



# राज्य के 50 हजार से अधिक कृषकों को मिलेगी सोलर पम्प पर सब्सिडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया ने बताया कि बुधवार को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के आतिथ्य में पीएम कुसुम सौर पम्प संयंत्र स्वीकृति–पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

समारोह में लगभग 500 कृषकों को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आमंत्रित किया गया है, जिन्हें माननीय मुख्यमंत्री महोदय और कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा स्वीकृति–पत्र प्रदान किये जायेंगे। जिलों में पंचायत समिति केन्द्रों पर कृषकों को आमंत्रित कर वीसी के माध्यम से जोड़ा जायेगा।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की उपलब्धता पर निर्भर नही रहना पड़े, इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेतों में सोलर पम्प लगाने पर 60 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति हेतु राज्य मद से 45 हजार रूपये का प्रति कृषक अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि सोलर पम्प के लिए लगभग 50 हजार किसानों को स्वीकृतियां जारी की गई है, जिस पर 1830 करोड़ रूपये का व्यय होगा, जिसमें से 908 करोड़ रूपये अनुदान के रूप में कृषकों को प्रदान कर लाभान्वित किया जायेगा। उक्त सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से लगभग 200 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

वैभव गालरिया ने कहा कि भारत सरकार की इस पहल का ही परिणाम है कि प्रदेश के किसान कृषि विद्युत कनेक्शन, डीजल चलित संयंत्रों एवं अन्य वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहने के बजाय सौर पम्प लगाने के लिए प्रेरित हो रहे है। सौर पम्पों का खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग होने से किसानों की बिजली पर निर्भरता कम हुई है, साथ ही हरित ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिल रहा है।



# समृद्ध परंपराओं से सीख लेकर चिकित्सा विज्ञान के विकास का काम हो : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने भारत की प्राचीन समृद्ध भारतीय चिकित्सा परंपराओं से सीख लेकर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के प्रभावी विकास के लिए काम करने का आह्वान किया है। इसके साथ ही मिश्र ने शारीरिक व्याधियों की पहचान और रोग निदान में कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग की संभावनाओं पर भी काम किए जाने पर जोर दिया। मिश्र मंगलवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के संदर्भ में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों को निरंतर अपडेट किया जाए।

मिश्र ने एआई साक्षरता बढ़ाने के साथ दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य, सेवाओं को किफायती और सुलभ बनाने में भी इसके उपयोग की संभावनायें तलाशे जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के आलोक में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अपने यहां आधुनिक पाठ्यक्रमों की पहल करे एवं चिकित्सा विज्ञान में नवाचार को प्रोत्साहित करे।



# सरकार की योजनाओं एवं विभागीय निर्देशों की समयबद्ध पालना करें सुनिश्चित : त्यागी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सहकारिता विभाग की शासन सचिव श्रीमती शुचि त्यागी ने राज्य सरकार की योजनाओं एवं विभागीय निर्देशों की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं जिससे आमजन को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन करें। श्रीमती त्यागी ने मंगलवार को सहकार भवन में सभी अनुभागों में राजकाज के माध्यम से पत्रावलियों के निस्तारण की प्रक्रिया की संबंधित कार्मिकों की बैठक में पत्रावलियों का समयबद्ध निरीक्षण कर उनके त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यालय पद्धति के अनुसार सभी कार्मिकों द्वारा डेली डायरी संधारित की जाये ताकि उनके द्वारा प्रतिदिन किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की जा सके।

शासन सचिव ने दैनिक रूप से प्राप्त पत्रों को स्केन कर उन्हें संबधित फंक्शनल अधिकारी के इलेक्ट्रोनिक ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये, साथ ही कार्यालय से प्रेषित किये जाने वाले पत्रों को ई–डॉक द्वारा भेजे जाने के निर्देश दिये ताकि पत्र प्रेषण में लगने वाले समय को कम किया जा सके।


उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिये उनकी मॉनिटरिंग की जाए। सभी कार्मिक एवं अधिकारी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण एवं दैनिक कार्य के प्रति जवाबदेहता निर्धारित करें। सभी पत्रावलियों को राज–काज के माध्यम से ई–फाईल द्वारा जल्द निस्तारण करना सुनिश्चित करें। काम में नहीं आ रहे पत्रावलियां एवं रिकार्ड का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान रजिस्ट्रार सहकारिता श्रीमती अर्चना सिंह, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) राजीव लोचन शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पोषण पखवाड़ा : राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम करें : यादव

जयपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव ने फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पोषण पखवाड़ा के दौरान दैनिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करें। इससे राजस्थान में किये जा रहे अच्छे कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी। उन्होंने सभी फील्ड अधिकारियों को पोषण माह कैलेंडर के अनुसार दैनिक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पोषण अभियान के अंतर्गत 9 से 23 मार्च तक चल रहा पोषण पखवाड़ा मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा।

निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत अब तक ईसीसीई पर शपथ, विभिन्न विभागों और समुदायों के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाकर गतिविधियां आयोजित की गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ईसीसीई सीखने के कोनों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा चौपाल, गृह परिवारों का शिक्षा में ईसीसीई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए गृह भ्रमण गतिविधियां आयोजित की गई हैं। उन्होंने बताया कि आशा /कार्यकर्ताओं के साथ टॉय थान – डी आई वाई,स्वदेशी खिलौना बनाने की कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। पोषण को बढ़ावा देने वाले खेल (लक्षित आयु समूह के बच्चों के लिए) भी आयोजित किए गए हैं। आदिवासी समुदायो को मिलेट /स्थानीय भोजन / पारम्परिक भोजन पर अनेमिया आदि के लिए जागरूक किया गया। इसी प्रकार तिरंगा, इंद्रधनुष एवं पारम्परिक थाली को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मिलेट पर आधारित खाद्य व्यंजन शामिल किये गए।



# संकल्प पत्र के हर वादे को किया जाएगा पूरा : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद में रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास–लोकार्पण तथा वन्दे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया जिनमें राजस्थान को भी कई सौगातें मिली। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही है। देश के विकास की गाड़ी रेलवे ट्रैक पर तीव्र गति से दौड़ रही है। उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों में रेलवे का जो कायाकल्प हुआ है, वो विकसित भारत की गारंटी है। मोदी ने कहा कि रेलवे का विकास केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी सरकार ने रेल बजट को केन्द्रीय बजट में शामिल किया, जिससे रेलवे का औसत बजट 6 गुना बढ़ गया है तथा आने वाले 5 साल में रेलवे का पूरी तरह कायाकल्प हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले रेलवे के हालात इतने बदतर थे कि उत्तर–पूर्व के 6 राज्यों की राजधानी भी रेल सेवा से नहीं जुड़ पाई थी। देशभर में करीब 10 हजार से ज्यादा रेलवे फाटक मानवरहित थे। मात्र 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो पाया था और ट्रेन टिकट के आरक्षण में भी लम्बी लाइनें लगती थी। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइनों का दोहरीकरण भी पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में नहीं था। इन सब कारणों से आम आदमी को बहुत पीड़ा झेलनी पड़ती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे हालात से रेलवे को बाहर निकालने के लिए जो दृढ़ इच्छाशक्ति चाहिए थी, वो हमारी सरकार ने दिखाई है।

मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि वन्दे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी नेक्स्ट जनरेशन ट्रेनें चल रही हैं। वन्दे भारत ट्रेनों का नेटवर्क देश के 250 से अधिक जिलों तक पहुंच चुका है। रेलवे का शत– प्रतिशत विद्युतीकरण होने जा रहा है।

मोदी ने कहा कि ट्रेनों, रेलवे ट्रेकों तथा स्टेशनों के निर्माण से मेड इन इंडिया का ईको सिस्टम विकसित हो रहा है। भारत में बनने वाले लोकोमोटिव और ट्रेन के डिब्बों का श्रीलंका, सूडान और म्यांमार जैसे देशों में निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सेमी हाई स्पीड ट्रेनों की मांग विश्व में बढ़ने से देश में नए कारखानों की स्थापना होगी। विश्वकर्मा कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की रेलवे स्टेशनों पर बिक्री कर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर जैसलमेर रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने भारत के विकास रथ को जो तेज गति दी है, उससे पूरी दुनिया अचंभित है। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे, सड़कों, हाईवे एवं एयरपोर्ट के विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है तथा अपने कार्यकाल में विकास कार्यों का शिलान्यास–लोकार्पण कर उन्हें समय पर जनता को समर्पित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज देश प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नये रिकॉर्ड बना रहा है और रेलवे भी इससे अछूता नहीं है। डिजाइन, गति, सुख–सुविधा, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और आधुनिकीकरण में हमने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई, मालभाड़ा राजस्व, नई वंदे भारत ट्रेन शुरू करने, पूंजीगत व्यय, स्टेशन पुनर्विकास, कवच सुरक्षा प्रणाली, पटरियां बिछाने और विद्युतीकरण में अभूतपूर्व प्रगति प्राप्त की है। शर्मा ने कहा कि इस वर्ष के बजट में राजस्थान के लिए 9 हजार 7 सौ करोड़ रुपए से अधिक का रिकॉर्ड प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन माह के अल्प कार्यकाल में ही राज्य सरकार ने संकल्प पत्र के करीब 40 फीसदी वादों पर काम शुरू कर दिया है तथा समयबद्ध रूप से हर वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं के साथ विश्वासघात करने वाले पेपर लीक के दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया है। शर्मा ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और भरोसे से सरकार को चुना है, उस पर हम खरा उतर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार राज्य में विकास की नई इबारत लिख रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि बाड़मेर जैसलमेर में रेलवे के विकास से यातायात के साधनो में सुगमता होगी जिससे यहां माल ढुलाई के साथ–साथ पर्यटन का भी विकास होगा।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के डीडवाना–कुचामन जिले के जसवंतगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सांवराद गांव में एक अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार अशोक मेघवाल (24) और पीथाराम (45) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों मृतक अपने गांव बालदू से डीडवाना जा रहे थे। इसी दौरान डीडवाना से लाडनूं की तरफ आ रही कार का टायर फट गया। जिससे कार अनियंत्रित हो गई। कार ने बाइक को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध मे कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिये हिंदू, जैन और सिख शरणार्थियों को सम्मानित किया : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिये हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। यहां भाजपा सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जाए ठहराते हुए कहा, हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया। उन्होंने कहा, आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर सताए गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को बचाने के लिए भारत आए लेकिन



उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा, नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है।

शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी मोदी सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक की राजनीति के कारण राम मंदिर मुद्दे को 70 वर्षों तक लटकाया और प्राण प्रतिष्ठा समोराह का बहिष्कार किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुनिश्चित किया।



# जली हुई भिंडी है विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडि' : दिनेश शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कौशांबी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडि' पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका गठबंधन ''जली हुई भिंडी'' है। शर्मा मंगलवार को यहां एक दिवसीय दौरे के तहत पहुंचे और कड़ा धाम में माता शीतला का दर्शन एवं पूजन किया। इसके बाद जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित कांशीराम अतिथि गृह में आयोजित कोहार्ट सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, उनका गठबंधन 'इंडिया' जली हुई भिंडी है और जली हुई भिंडी बिल्कुल बेकार हो जाती है।

शर्मा ने कहा, यह गठबंधन जली हुई रस्सी की तरह है और रस्सी जल गई लेकिन ऐंठन नहीं जा रही है। केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया।

डॉ शर्मा ने कार्यकर्ताओं से केवल और केवल कमल के लिए वोट मांगने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि ''अबकी बार 400 के पार'' और यह पूरा होगा।



## सीएए नियमों की कानूनी वैधता पर संदेह है : ममता बनर्जी

**बारासात (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 लागू किए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएए में जिन नियमों को अधिसूचित किया गया है उनमें कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने सीएए नियमों की कानूनी वैधता को लेकर संदेह भी जताया।


उत्तर 24 परगना जिले के हाबड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल में सीएए लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने लोगों से कानून के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले कई बार सोचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मुझे संदेह है कि कल अधिसूचित किए गए सीएए नियमों की कानूनी वैधता है या नहीं। इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। बनर्जी ने कहा, सीएए और इसके नियम असंवैधानिक हैं और संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत भेदभावपूर्ण हैं। अनुच्छेद 14 नागरिकों को समानता का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र नागरिकता प्रदान करने के नाम पर धोखा दे रहा है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने दावा किया कि सीएए के तहत कोई भी व्यक्ति नागरिकता के लिए आवेदन करेगा और इस प्रकार वह खुद ही अवैध अप्रावासी बन जाएगा। उन्होंने सीएए के तहत नागरिकता प्राप्त करने को 'अधिकार छीनने का खेल' करार दिया।

## ओडिशा में 270 से अधिक रेलवे परियोजनाओं का अनावरण

**भुवनेश्वर/भाषा।** प्रधानमंत्री ने ओडिशा में 270 से अधिक रेलवे परियोजनाओं का अनावरण किया। अधिकारियों ने बताया कि इनमें नई रेलवे पटरियां, सिग्नल प्रणाली, अच्छे शेड और एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल है जो विशाखापत्तनम और भुवनेश्वर के बीच संचालित होगी। इन परियोजनाओं का अनावरण प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर की अन्य रेलवे परियोजनाओं के साथ अहमदाबाद से वर्चुअल रूप से किया। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शनिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह राज्य की तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन होगी। पहली दो ट्रेन पुरी-हावड़ा व पुरी-राउरकेला मार्गों पर संचालित होती हैं। मोदी ने भद्रक-नेरगुंडी तीसरी लाइन के 234 करोड़ रुपए के हरिदासपुर-बायरी खंड (16.8 किमी), कोरापुट-रायगड़ दोहरीकरण परियोजना के 131 करोड़ रुपए के दामनजोड़ि-बाईगुड़ा खंड (14.6 किमी), विजयनगरम-तितलागढ़ तीसरी लाइन के 167 करोड़ रु. के सिंगापुर रोड-रायगडा खंड (9.2 किमी) और कोतवलसा-कोरापुट दोहरीकरण परियोजना के 123 करोड़ रु. के शिमिलिगुडा-अराकू-गोरापुर (21.6 किमी) खंड का भी उद्घाटन किया।

## उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद सीएए लागू किया गया- पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल ने मंगलवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि इस अधिनियम को उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद लागू किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत शरणार्थियों का सम्मान करता है लेकिन घुसपैठियों के खिलाफ है। केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सोमवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए)-2019 को लागू करने की घोषणा की।

कानून को पारित किए जाने के चार साल बाद केंद्र के इस कदम के कारण पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले गैर-मुस्लिम लोगों को नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इन तीन देशों के प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारतीय नागरिकता देना शुरू कर देगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा था कि यह अधिनियम संविधान के खिलाफ है और सत्तारूढ़ भाजपा पर हर मुद्दे पर हिंदुओं और मुसलमानों को विभाजित करने का आरोप लगाया। पीटीआई-भाषा से बात करते हुए पटेल ने कहा, मैं सीएए लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह रातों रात नहीं हुआ है बल्कि संसद के दोनों सदनों ने लंबी चर्चा के बाद इस कानून को पारित किया है। इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई। पूरी प्रक्रिया में एक साल से अधिक का समय लग गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। पटेल ने कहा, यह किसी की नागरिकता छीनने के के लिए नहीं है बल्कि नागरिकता देने वाला कानून है। यह भारत की भूमि का मूल तत्व है कि हम शरणार्थियों का सम्मान करते हैं लेकिन घुसपैठियों के खिलाफ हैं। सीएए को दिसंबर, 2019 में संसद में पारित किया था और बाद में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी।

## ईडी ने लालू परिवार के कथित करीबी के खिलाफ छापे मारे

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित 'करीबी सहयोगी' अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित 'नौकरी के बदले रेलवे भूमि' घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत में 'कृष्ण बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड' के कुल 27 परिसरों की धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इस कंपनी के प्रवर्तक अमित कात्याल और राजेश कात्याल हैं। यह कंपनी हरियाणा से संचालित होती है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच का संबंध कंपनी के प्रवर्तकों द्वारा घर खरीददारों की 400 करोड़ रुपए की धनराशि की कथित हेराफेरी और उन्हें विदेश में खपाने से है।

## 'आदिवासी संकल्प' से आदिवासियों के 'जल, जंगल, जमीन' की रक्षा करेंगे : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी 'आदिवासी संकल्प' की गारंटी के माध्यम से आदिवासियों के अधिकारों तथा उनके 'जल, जंगल, जमीन' की रक्षा करेगी। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान आदिवासियों के लिए छह सूत्री 'संकल्प' की घोषणा की।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि मोदी सरकार में वन सरंक्षण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और वन क्षेत्र को मित्र पूंजीपतियों को दिया जा रहा है। खरगे का कहना था, हम आदिवासियों के 'जल जंगल जमीन' की रक्षा करने की पूरी कोशिश करेंगे और इसे कानून के तहत करेंगे। वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित किया जाएगा, एक स्पेशल बजट रखा जाएगा और विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा वन संरक्षण और भूमि अधिग्रहण अधिनियमों में किए गए सभी संशोधनों को कांग्रेस वापस लेगी, जिनसे आदिवासियों को बड़े पैमाने पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।खरगे के अनुसार, कांग्रेस सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उन सभी बस्तियों या बस्तियों के समूहों को अनुसूचित क्षेत्रों के रूप में चिन्हित करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां एसटी सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'पंचायत प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम' (पेसा) के अनुसार राज्यों में कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि 'ग्राम सरकार' और 'स्वायत्त जिला सरकार' की स्थापना हो सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लाया जाने वाला एमएसपी का अधिकार कानून, जो एमएसपी को कानूनी दर्जा देगा वह छोटे वन उपज को भी कवर करेगा।



## असम में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन, मोदी, शाह के पुतले फूंके गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** सशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू किए जाने के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुतले फूंके जाने के साथ पूरे असम में मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन हुआ तथा इस कानून की प्रतियां जलाई गईं।

असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद (एजेवाईसीपी) ने लखीमपुर में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के पुतले फूंके, जबकि कांग्रेस ने सीएए लागू किए जाने के विरोध में जिले के विभिन्न हिस्सों में इस कानून की प्रतियां जलाईं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देवव्रत सैकिया ने गुवाहाटी स्थित राजभवन के सामने प्रदर्शन किया और सीएए की प्रतियां जलाईं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी यहां और कामरूप के रंगिया कस्बे में प्रदर्शन किया, जबकि विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने शहर में अपने-अपने संस्थानों के बाहर प्रदर्शन किए।

शिवसागर जिले में, राएोर दल, कृषक मुक्ति संग्राम समिति और छात्र मुक्ति परिषद के कार्यकर्ताओं और विधायक अखिल गोगोई ने कानून के खिलाफ प्रदर्शन किए तथा केंद्र के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस और एजेवाईसीपी द्वारा सीएए की प्रतियां जलाने की क्रमश: बारपेटा और नलबारी से भी सूचना मिली है। असम में 16 दलों के 'यूनाइटेड ऑपजिशन फोरम असम' के 12 घंटे के हड़ताल का ज्यादा असर देखने को नहीं मिला। शिवसागर, गोलाघाट, नगांव और कामरूप जैसे कुछ जिलों में दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहें। अधिकारियों ने बताया कि असम पुलिस ने विपक्षी दलों को नोटिस जारी कर उनसे हड़ताल वापस लेने को कहा था, और चेतावनी दी थी कि यदि वे इस आदेश का पालन करने में नाकाम रहते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह ने कहा, असम पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी किया गया था कि राज्य में किसी भी आंदोलन के माध्यम से सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान न हो और लोगों के जीवन को कोई खतरा न हो। असम पुलिस द्वारा जारी नोटिस की आलोचना करते हुए सैकिया ने कहा कि यह शर्मनाक है कि राज्य पुलिस विभाग भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, हम सीएए लागू किए जाने के खिलाफ शांतिपूर्वक और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## पटनायक ने ओडिशा के किसानों को 1,293 करोड़ रुपए की सहायता राशि वितरित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य सरकार की प्रमुख 'कृषक आजीविका और आय वृद्धि सहायता' (कालिया) योजना के तहत 46 लाख किसानों को 1,293 करोड़ रुपए वितरित किए और साथ ही उन्होंने योजना को तीन और वर्ष के लिए बढ़ाने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रत्येक जिले के लिए 30 'कालिया' केंद्रों का भी उद्घाटन किया। योजना के तहत, ओडिशा सरकार जरूरतमंद किसानों को उनकी खेती की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

योजना के तहत एक किसान को प्रति वर्ष दो किस्तों में 4,000 रुपए मिलते हैं। पहली किस्त में खरीफ सीजन में 2000 रुपए और दूसरी किस्त में रबी फसल के लिए 2000 रुपए दिए जाते हैं। पटनायक ने योजना को 2026-27 तक बढ़ाने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार इसके लिए 6,030 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने योजना के तहत लाभार्थी किसानों के बच्चों के लिए शैक्षिक छात्रवृत्ति का दायरा भी बढ़ाया। इसमें अब राज्य के अंदर और बाहर के प्रमुख संस्थान शामिल होंगे।

## अदालत ने शाहजहां शेख के तीन सहयोगियों को 10 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा

**बारासात (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की अदालत ने पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख के तीन कथित सहयोगियों को 10 दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने तीनों को सोमवार को कोलकाता स्थित अपने कार्यालय में बुलाया और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

बशीरहाट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इंद्रनील करमाकर की अदालत ने तीनों-दीदार बख्श मुल्ला, जियाउद्दीन मुल्ला और फारुक अकुंजी को 10 दिन के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें मंगलवार को अदालत में पेश किया और पूछताछ के लिए उनकी हिरासत का अनुरोध किया।

संदेशखालि में शेख के आवास पर सुरक्षा गार्ड दीदार बख्श मुल्ला, हमलों के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई तीन प्राथमिकी में से पहली में शिकायतकर्ता है।

अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई ने सोमवार को मामले में पूछताछ के लिए शेख के नौ करीबी सहयोगियों को बुलाया था।

## कोहली की आक्रामकता उनकी टीम को जरूरी जज्बा देती है : कुंबले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टी20 टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है।

कुंबले इसे कोहली की सबसे बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेलने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।



कुंबले ने 'जियो सिनेमा' से कहा, मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद उसने अपने टी20 करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उसकी फिटनेस, वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं। टी20 में भारत के लिए उसके प्रदर्शन की निरंतरता शानदार है। वह जिस तरह की आक्रामकता और रवैया मैदान में लेकर आता है उससे टीम को जज्बा हासिल करने में मदद मिलती है। इंग्लैंड टीम के कप्तान इयोन मोर्गन ने कोहली को आधुनिक युग के बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक करार दिया। आरसीबी के कोच के रूप में कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले माइक हेसन ने बताया कि मैदान के बाद वह काफी धैर्यवान हैं। आपने मैदान पर उसके बारे में बात की लेकिन वह मैदान के बाहर बहुत शांत है।

# यशस्वी जायसवाल आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**दुबई/भाषा।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी ' महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए चुना गया।

बायें हाथ के 22 साल के इस खब्बू बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की इस शृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है।



उन्होंने इस दौरान दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में अपने दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक टेस्ट पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा, मैं आईसीसी पुरस्कार हासिल करके वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और पांच मैचों की मेरी पहली शृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम शृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे। बाईस वर्ष 49 दिन की उम्र में लगातार दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी के महीने में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए जिसमें 20 छक्के शामिल थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियमसन और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

## 'अपने सकारात्मक रवैए के कारण वापसी करने में सफल रहे ऋषभ पंत'



**नई दिल्ली/भाषा।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने खुलासा किया है कि ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद एक समय शौचालय जाने के लिए भी मदद की जरूरत पड़ रही थी लेकिन अपने सकारात्मक रवैए के कारण यह विकेटकीपर बल्लेबाज वापसी करने में सफल रहा।

धवन ने मंगलवार को स्टार स्पोर्ट्स से कहा, उसे इतना दर्द होता था कि वह कुछ महीनों तक कुछ नहीं कर पाता था। यहां तक की शौचालय जाने के लिए भी उसे मदद की जरूरत पड़ती थी। उन बुरे दिनों से लेकर अब तक उसने काफी धैर्य, सकारात्मकता और सहनशीलता दिखाई, और यह बड़ी बात है। उन्होंने कहा, इससे निश्चित तौर पर उसे ताकत मिली और मुझे पूरा विश्वास है कि वह आगे देश का नाम रोशन करेगा। मैं ऋषभ की वापसी को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। ईश्वर की कृपा से वह इतनी बड़ी दुर्घटना से उबरने में सफल रहा। उसने कड़ी मेहनत की और सकारात्मक रवैया अपनाया।

पंत को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए फिट घोषित कर दिया गया है, जिसमें वह दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। चोटिल होने के कारण वह पिछले साल इस टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे।

## सुविचार

हमें जो मिला है हमारे भाग्य से ज्यादा मिला है, यदि आपके पाँव में जूते नहीं हैं तो अफसोस मत कीजिए, दुनिया में कई लोगों के पास तो पाँव ही नहीं है।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# उम्मीद की किरण

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 से जुड़े नियमों को अधिसूचित किया जाना पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले आए हिंदू, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के लिए उम्मीद की ऐसी किरण है, जिसकी वे वर्षों से प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्हें भारत की नागरिकता मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब उनके लिए नागरिकता पाने का रास्ता साफ हो जाएगा। केंद्र सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि यह नागरिकता देने का कानून है, लिहाजा किसी को आशंकित होने की जरूरत नहीं है। जिस व्यक्ति के पास पहले से भारत की नागरिकता है, उसे सीएए किसी भी रूप में प्रभावित नहीं करेगा। सीएए को लागू किया जाना बहुत जरूरी था। दुर्भाग्य से पिछली सदी में कुछ ऐसी घटनाएं हुईं, जिनका दंश आज तक मानवता भोग रही है। भारत-विभाजन ने पाकिस्तान (जिसमें आज का बांग्लादेश भी शामिल है) तो बना दिया, लेकिन उससे समस्याएं कम नहीं हुईं। बल्कि यह कहना अधिक उचित होगा कि पाकिस्तान के निर्माण ने मानवता के लिए ऐसा घाव पैदा कर दिया, जिसने कई परिवारों को बहुत दर्द दिया है। अब सीएए से उम्मीद है कि वह उन्हें राहत देगा। आज (सोशल मीडिया के कारण) पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत किसी से छिपी नहीं है। अफगानिस्तान में तो अल्पसंख्यक थोड़े-से बचे हैं। पाकिस्तान में भी उन्हें साजिश के तहत खत्म किया जा रहा है। पाक में जो अल्पसंख्यक कभी 24 प्रतिशत हुआ करते थे, वे आज सिर्फ 3 प्रतिशत क्यों रह गए हैं? ऐसा रातोंरात नहीं हुआ है। इसके लिए सरकारी और सामाजिक स्तर पर 'कदम' उठाए गए हैं।

वहां अल्पसंख्यकों को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। विभिन्न अवसरों पर उनके आराध्यों के लिए आपत्तिजनक शब्द बोले जाते हैं, जिसका वे जवाब भी नहीं दे सकते, क्योंकि उस स्थिति में उन पर ईशनिंदा का मुकदमा कर दिया जाता है। उनकी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। पाक में हर साल एक हजार से ज्यादा अल्पसंख्यक बच्चियों के अपहरण, जबरन धर्मांतरण और निकाह कराने की घटनाएं होती हैं। बांग्लादेश में भी हालात बिगड़ते जा रहे हैं। वहां हर साल नवरात्र में हिंसक घटनाएं होती हैं। चरमपंथी तत्त्व जानबूझकर अफवाहें फैलाते हैं और हिंसा भड़काते हैं। आखिर, ये अल्पसंख्यक कहां जाएंगे? इनके लिए आवाज उठाने वाला, इन्हें आसरा देने वाला कोई तो होना चाहिए। सीएए के बारे में कुछ 'बुद्धिजीवियों' का यह तर्क कि 'इससे अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बहुसंख्यक समुदाय को अलग रखकर उससे भेदभाव किया गया है', तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। जब यह कानून है ही (इन तीन देशों के) ऐसे अल्पसंख्यकों के लिए, जिन्हें उनकी धार्मिक पहचान के कारण प्रताड़ित किया गया है, तो उसमें इन देशों के बहुसंख्यक कैसे शामिल हो सकते हैं? भारत समेत दुनिया के कई देशों में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। क्या इस आधार पर यह तर्क दिया जा सकता है कि ऐसी योजनाएं बहुसंख्यकों से भेदभाव करती हैं? सीएए की जरूरत ही नहीं पड़ती, अगर उक्त तीनों देशों में अल्पसंख्यकों को नहीं सताया जाता। वहां से हिंदू, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी इसलिए भारत नहीं आए हैं, क्योंकि यहां अर्थव्यवस्था बेहतर है, बल्कि वे तो अपनी जान और इज्जत की सलामती के लिए आए हैं। सीएए उनके लिए वह दरवाजा है, जिसे वे बड़ी उम्मीदों के साथ खटखटा रहे हैं। वे भी हमारे भाई-बहन हैं। हमें उन्हें निराश नहीं करना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा देने के लिए महात्मा गांधी ने 94 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 'दांडी मार्च' आरम्भ किया था। नमक क़ानून का विरोध करने की यह पहल भारत को अंग्रेज़ी हुकूमत से आज़ाद करवाने में मील का पत्थर साबित हुई।

-ओम बिरला



विकसित भारत, मोदी की गारंटी युवाओं का भविष्य हुआ उज्ज्वल और घाटी में आई खुशहाली। क्योंकि दशकों के इंतजार के बाद जम्मू कश्मीर से धारा 370 को खत्म कर रचा है इतिहास। विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सीधा मोदी जी को भेजें अपने सुझाव।

-दीया कुमारी



दमनकारी औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ बिगुल फूंकने वाले दांडी मार्च ने न सिर्फ जनचेतना का विकास किया बल्कि आज़ादी में मील का पत्थर भी सिद्ध हुआ। आज के ऐतिहासिक दिन महात्मा गांधी व इस यात्रा के समस्त यात्रियों को नमन।

-अशोक गहलोत

## प्रेरक प्रसंग

# नि:स्वार्थ भक्ति

स्वामी रामकृष्ण परमहंस के एक शिष्य मथुरा बाबू भगवान श्रीहरि विष्णु के भक्त थे। वे धनपति थे और भौतिक ऐश्वर्य एवं चमक-दमक पसंद करते थे। उन्होंने एक बहुत ही सुंदर मंदिर का निर्माण कराकर उसमें भगवान श्रीहरि विष्णु की बेहद महंगी और मनमोहक प्रतिमा स्थापित कराई थी। वे मूर्ति का साज-शृंगार भी बेशकीमती वस्त्र-आभूषणों से करते थे। यह सब देखकर जब आगंतुक प्रशंसा करते तो मथुरा बाबू बहुत खुश होते थे। वे स्वयं भी स्वामी जी से मिलकर मंदिर और मूर्ति के शृंगार की भूरि-भूरि प्रशंसा करते थे। स्वामी जी चुपचाप उनकी बातें सुनते थे। एक दिन मंदिर से मूर्ति के वस्त्र और गहने चोरी हो गए। मथुरा बाबू स्वामी जी के पास आए और सारी व्यथा सुनाई। स्वामी जी मथुरा बाबू के साथ मंदिर पहुंचे और मूर्ति को निहारने लगे। उधर मथुरा बाबू भगवान की मूर्ति से शिकायत करने लगे, 'हम तो इंसान हैं, परंतु आप तो भगवान हैं, आपके सामने कैसे चोरी हो गई।' मथुरा बाबू की बातें सुनकर स्वामी जी मुस्करा उठे तो मथुरा बाबू ने इसकी वजह पूछी। स्वामी जी बोले, 'मथुरा बाबू! भगवान को महंगी चीजों से क्या लेना-देना। वे तो सिर्फ भक्ति चाहते हैं।

## सामयिक

# सीएए नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133




संसद में 11 दिसंबर, 2019 को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए पारित होने के लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व देश भर में लागू करके न केवल अपने राजनीतिक आलोचकों को अचंभित किया है, बल्कि देश अपने लोगों की न्यायपूर्ण नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। यह कानून भारत की नागरिकता को संतुलित, औचित्यपूर्ण एवं समतामूलक बनाने की दिशा में साहसिक कदम है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से विपक्षी दलों के अनेक नेता सीएए को लागू करने का विरोध करते हुए एक वर्ग-विशेष के लोगों को अपने पक्ष में करने की कुचेष्ठा कर रहे हैं। जबकि भाजपा सरकार एवं उससे जुड़े शीर्ष नेतृत्व इसे लागू होने के संकेत दे रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा और जो कहा, उसे कर दिखाया है। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है। अब इसे लागू करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से एक सार्थक पहल का सूत्रपात किया है।

सीएए पारित हो गया था और इस कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले देश में नागरिकता नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अतः केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है, एक साहसिक एवं समयोचित कदम उठाया है। यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बंगलादेश से आये हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों के लिये एक नये सूरज का उदय है। आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। सीएए के सन्दर्भ में राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय दृष्टिकोण इस देश की वसुधैव कुटुंबकम' की संस्कृति का अंग है।

सीएए के कारण भले ही तथाकथित अराष्ट्रवादी ताकतें एवं विपक्षी दल हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना सकते हैं, लेकिन यह कानून एक आदर्श नागरिकता कानून है, लम्बे समय से इस कानून की जरूरत को महसूस करते हुए अनेक नागरिक घुटन एवं असंतुलित नागरिकता कानून के दंश को भोग रहे थे। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है तो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सीएए। इसको लेकर भी गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। सीएए को लेकर मुस्लिम समाज को भ्रमित करने की साजिश हुई है और चुनावी माहौल में यह और तीव्रता से होने की संभावना है।

राजनीतिक लोग सीएए को मुस्लिम विरोधी बताने में लगे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि जिस कानून का किसी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं, उसे लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों को सड़कों पर उतार दिया गया या फिर से उतारने के स्वर गूंजने लगे हैं। एक सुनियोजित साजिश के तहत लोगों को गुमराह किया गया है, यह साजिश जिस किसी ने भी रची हो, लोगों और खासकर मुस्लिम समाज को भड़काने का काम अनेक विपक्षी दलों ने किया। इनमें कांग्रेस सरीखे वे दल भी थे, जो एक समय इस कानून में वैसे ही संशोधन करने की मांग कर रहे थे, जैसे किए गए। राजनीतिक दलों के साथ-साथ तथाकथित सेक्युलर तत्वों और वामपंथी बुद्धिजीवियों ने भी यह भ्रम फैलाया कि सीएए कुछ लोगों की नागरिकता छीनने का काम कर सकता है, जबकि यह कानून तो नागरिकता देने के लिए है।

सीएए का विरोध करने वाले राजनेताओं एवं उनके उकसाये लोगों को देश से जैसे कोई मतलब नहीं, इन्हें सिर्फ अपना जनाधार चाहिए। वोट चाहिए। वोटों की संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीति के चलते राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को तार-तार किया जा रहा है? इन कानूनों में किसी के अहित की बात नहीं है, बल्कि जिनका अहित हुआ है, उनका हित निहित है, फिर क्यों बवाल है? पहले किसी भी गलत बात के लिए विदेशी हाथ का बहाना बना दिया जाता था। अब कौन-सा हाथ है? कौन चक्र चलाता है? कौन विरोधी स्वर घोलता है? आश्चर्य की बात यह कि जब पिछले दिनों सीएए-एनआरसी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो एक सुर में कहा गया कि यह कांग्रेस ही है जो लोगों को भड़का रही है। यानी यह तो तय है कि कांग्रेस की उपस्थिति देश भर में है और उसका असर जनता के एक बड़े तबके पर है। इस बात को स्वीकारते हुए कांग्रेस की ताकत को इग्नोर करना राजनीति अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत कर रही है, धीरे-धीरे वह अपनी खोई प्रतिष्ठा एवं जनाधार को हासिल करने में लगी है। इन स्थितियों को पाने के लिये वह सभी हदें पार कर रही है, मूल्यों एवं नीतियों को भी नजरअंदाज करने में भी उसे कोई संकोच एवं परहेज नहीं है।

भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अतः जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए।

बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। इतनी देरी से इस कानून को लागू करने का एक कारण उसका बड़े पैमाने पर विरोध किया जाना दिखता है, देश में अराजकता, हिंसा एवं अशांति की संभावना को देखते हुए ही सरकार ने इसे उचित समय पर लागू करने का सोचा। यह उग्र एवं गैरवाजिब विरोध इस शरारत भरे दुष्प्रचार की देन था कि यदि यह कानून लागू हुआ तो देश के मुसलमानों की नागरिकता खतरे में पड़ जाएगी। इस दुष्प्रचार में कथित सिविल सोसायटी के लोग ही नहीं, कई राजनीतिक दल भी शामिल थे। वे जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को भड़काकर उसे सड़कों पर उत्तार रहे थे, जबकि इस कानून का किसी भी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं। वास्तव में यह नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है।

## नजरिया

# हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है धूम्रपान

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.



**धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।**

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से 'बच्चों की सुरक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरुष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं।

डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।अपनी पुस्तक मौत को 'खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# राष्ट्रपति मुर्मू ने मॉरीशस में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पोर्ट लुइस। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर मंगलवार को यहां मॉरीशस में महात्मा गांधी संस्थान जाकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर पहुंचीं 65 वर्षीय मुर्मू ने मॉरीशस के मोका में स्थित महात्मा गांधी संस्थान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन में राष्ट्रपिता के 'सार्वभौमिक सिद्धांतों' को याद किया। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इस मौके पर आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में



अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और भावी पीढ़ियों तक प्रसारित करने के लिए भारतीय प्रवासियों को धन्यवाद दिया।

मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं मुर्मू ने मंगलवार को महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के ऐतिहासिक दांडी मार्च की शुरुआत वाले दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस के प्रतिष्ठित महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की संक्षिप्त सवारी भी की।

पोस्ट के मुताबिक, मॉरीशस मेट्रो भारत समर्थित एक प्रमुख परियोजना है, जिसका मॉरीशस के लोगों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त रूप से मेट्रो सेवा और अस्पताल का उद्घाटन किया था। नमक सत्याग्रह जिसे 1930 के दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है, का भारत के आजादी के आंदोलन में प्रमुख स्थान है।

## शुभारंभ



अहमदाबाद में मंगलवार को गुजरात के साबरमती में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम के उद्घाटन और गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ पर एकत्रित हुए।

# मोहम्मद इशाक डार ने पाकिस्तान के नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। वरिष्ठ राजनेता और अर्थशास्त्री इशाक डार ने मंगलवार को पाकिस्तान के नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान की नवगठित नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने सहित घरेलू और बाहरी मोर्चों पर अनगिनत समस्याओं से पार पाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल करते हुए चुनाव के बाद से जारी लंबे इंतजार को समाप्त किया था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। इशाक डार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता हैं। मूल रूप से कश्मीरी डार सनदी लेखाकार (सीए) हैं। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के विश्वासपात्र हैं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मोहम्मद इशाक डार ने औपचारिक रूप से पाकिस्तान के 39वें विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। विदेश मामलों के प्रबंधन के कम अनुभव के बावजूद 73 वर्षीय इशाक डार ने विदेशमंत्री का महत्वपूर्ण प्रभार ऐसे समय संभाला है जबकि पड़ोसी भारत और अफगानिस्तान के साथ देश (पाकिस्तान) के संबंध बेहद निम्न स्तर पर हैं। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त कर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद अगस्त 2019 में भारत और पाकिस्तान ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिये थे। वहीं, राजनयिकों की मौजूदगी भी घटा दी है। भारत से व्यापारिक संबंध तोड़ने से पाकिस्तान को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा था क्योंकि पाकिस्तान भारत से सस्ती दरों पर कई वस्तुओं और कच्चे माल का आयात करता था।

# डोभाल ने नेतन्याहू से गाजा में युद्ध और मानवीय सहायता पर चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

यरुशलम। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात कर भीषण खाद्य संकट से जूझ रहे गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति की समस्या को सुलझाने की तत्काल आवश्यकता और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर चर्चा की। इजराइल के प्रधानमंत्री के आधिकारिक हैंडल से 'एक्स' पर साझा की गई पोस्ट में लिखा गया, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से आज मुलाकात की और उन्हें गाजा पट्टी में जारी युद्ध से जुड़े हालिया घटनाक्रम की जानकारी दी।



हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल पर सात अक्टूबर, 2023 को हमला कर दिया था जिसमें करीब 1,200 लोगों की मौत हो गई थी और उसने 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हमास की कैद में अब भी करीब 100 बंधकों के होने का अनुमान है। हमास के हमले के बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसके कारण युद्ध शुरू हो गया। गाजा में इजराइल के हमलों में 30,000 से अधिक फलस्तीनियों के मारे जाने का अनुमान है। नेतन्याहू ने कहा, दोनों पक्षों ने बंधकों को छुड़ाने के प्रयास और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा की।

इजराइल-हमास संघर्ष के कारण पैदा हुआ मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा पट्टी में कम से कम 5,76,000 लोग यानी कुल आबादी का एक-चौथाई हिस्सा खाद्य संकट से जूझ रहा है। डोभाल ने अपने इजराइली समकक्ष तजाखी हानेग्बी से भी मुलाकात की, जो नेतन्याहू के साथ उनकी बैठक के दौरान भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात, कतर, सऊदी अरब, मिस्र और जॉर्डन जैसे क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए चर्चा में सक्रिय रूप से शामिल हैं। भारत ने गाजा में फलस्तीनी आबादी को जरूरी वस्तुओं की खेप भेजकर आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करने के प्रयासों में मदद की है।



# फिल्म 'बैंडिट शकुंतला' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

फिल्मकार हैदर काजमी की हिंदी फिल्म 'बैंडिट शकुंतला' का ट्रेलर रिलीज हो यगया है। फिल्म 'बैंडिट शकुंतला' का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी और निर्देशक हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है। फिल्म के बारे में दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है।

इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। फिल्म बैंडिट शकुंतला को लेकर हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की एक झलक अब जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। इस फिल्म का लेवल देखिए, इसे हमने बिहार के एक छोटे से जगह पर बनाया है। इस फिल्म की कहानी भी बिहार की है और कलाकार में भी बिहार के लोगों को मौका मिला है।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि यह वर्ल्ड क्लास फिल्म है और इसे आप जरूर अपने परिजनों के साथ देखें। उन्होंने कहा कि'बैंडिट शकुंतला' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का एक प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं.अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।

डायमेंशन एएससी डिजिटल एलएलपी और यूपीजे फिल्म्स प्रोडक्शन कृत फिल्म बैंडिट शकुंतला में शकुन्तला देवी के साथ हैदर काज़मी, अभिमन्यु सिंह, ओंकार दास मानिकपुरी, प्रतिभा शर्मा, रतन लाल, विशाल तिवारी, अक्षय वर्मा, ज़फ़र काज़मी और ललितेश झा महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।संपादक बल्लू सलूजा, एसोसिएट डायरेक्टर प्रीति राव कृष्णा, कथा, पटकथा एवं संवाद शिवराम यादव, डीओपी- जगमिंदर सिंह हुंदल हैं। फिल्म के संगीतकार अमन श्लोक, संगीत लेबल आयाम संगीत, बैकग्राउंड स्कोर बापी भट्टाचार्य, कोरियोग्राफर कौसर शेख और एक्शन रियाज सुलतान का है।

# यूक्रेन को मिला पहला ऑस्कर

कीव। खार्किव और ओडेसा क्षेत्रों में इमारतों को रूसी ड्रोनों द्वारा निशाना बनाये जाने के साथ ही यूक्रेन में युद्ध के एक और दिन के रूप में सोमवार की शुरुआत हुई लेकिन साथ ही, उसे एक खुशखबरी भी मिली कि उसने पहला ऑस्कर जीता है। मस्टीस्लाव चेर्नोव द्वारा निर्देशित वृत्तचित्र 20 डेज इन मारियुपोल' को सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र का ऑस्कर पुरुस्कार मिला है। यह वृत्त चित्र साल 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन में शुरू किये गए युद्ध की पीड़ा को व्यक्त करता है। इसमें रूस के हमले के शुरुआती दिनों के गवाह बने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के पत्रकार चेर्नोव ने आंखों देखा हाल बयां किया है। रविवार को एकेडमी पुरुस्कार समारोह में चेर्नोव ने भावुक होते हुए कहा, यह यूक्रेन के इतिहास में पहली बार ऑस्कर पुरुस्कार जीता गया है। इसे हासिल कर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। चेर्नोव ने कहा, संभवत: मैं इस मंच पर यह कहने वाला पहला निर्देशक होऊंगा कि काश मैंने यह वृत्त चित्र कभी नहीं बनाया होता.....। इस युद्ध की क्रूर विभीषिका को लोगों के सामने लाने तथा सबसे बड़े मंचों में एक से दुनिया को संदेश भेजने को लेकर इस वृतचित्र की यूक्रेन में सराहना की जा रही है। कीव में एक कार्यालय के कर्मी ओलेक्सी कुर्का ने कहा, ऑस्कर पुरुस्कार स्वीकार करते समय निर्देशक ने जो कुछ कहा, वाकई वह मुझे पसंद आया। लेकिन, अगर उन्होंने यह फिल्म नहीं बनायी होती और अगर यह सभी नहीं हुआ होता तो वह बेहतर होता । कुर्का ने कहा, यूक्रेन को अपना पहला ऑस्कर मिला और दुनिया मारियुपोल में रूसी सेना द्वारा की गई भयावहता को फिर देखेगी, यह बात निश्चित रूप से झूठ पर सच्चाई की जीत है।

## उद्घाटन



हैदराबाद में केंद्रीय पर्यटन मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी मंगलवार को हैदराबाद में ओपन एयर जिम का उद्घाटन करते हुए।

# आयुष शर्मा की फिल्म 'रुसलान' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की



आने वाली फिल्म 'रुसलान' का टीजर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह वर्ष 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम: द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आयेंगे।फिल्म 'रुसलान' का टीजर रिलीज हो गया है।रोहित शेट्टी ने ' रूसलान ' का टीजर लॉन्च किया है। आयुष शर्मा ने कहा,एक्शन एक्सपर्ट रोहित शेट्टी के एंडोर्समेंट से मुझे वेलिडेशन का एहसास होता है। वह दर्शकों की नब्ज जानते हैं। यह मुझे बताता है कि हम 'रुस्लान' के साथ कुछ सही कर रहे हैं। उनका सपोर्ट हमारे लिए बहुत मायने रखता है। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। श्री सत्य साईं आर्ट्स द्वारा निर्मित इसफिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।



# 'बंगाल 1947: एन अनटोल्ड लव स्टोरी' का फर्स्ट लुक आया सामने

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपनी अपकमिंग पीरियड ड्रामा 'बंगाल 1947: एन अनटोल्ड लव स्टोरी' का पोस्टर जारी किया है। यह फिल्म ऐतिहासिक विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म पीरियड ड्रामा और रोमांस के मिश्रण का वादा करती है। साथ ही यह एक अनोखी प्रेम कहानी पर प्रकाश डालती है, जिसे लेखक-निर्देशक आकाशादित्य लामा ने स्क्रीन पर उतारा है। विवादास्पद रियलिटी शो 'बिग बॉस' में भाग वाली देवोलीना ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला लुक शेयर किया। मोशन पोस्टर में लिखा है, ''फिल्म 'बंगाल 1947' का फर्स्ट लुक जारी, यह 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म 1947 में भारत के विभाजन की पड़ताल करती है।'' निर्देशक आकाशादित्य लामा द्वारा निर्देशित यह फिल्म सतीशपांडे के नेतृत्व में कॉम्फेड प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। फिल्म में देवोलीना भट्टाचार्जी, सोहेला कपूर, ओंकार दास मानिकपुरी, आदित्य लाखिया और अंकुर अरमान भूमिका में हैं। 'नानी तेरी मोरनी को' और 'तौबा तेरा जलवा' में अपने काम के लिए मशहूर निर्देशक आकाशादित्य ने कहा, मैं लेखक शरद चंद्र चट्टोपाध्याय और डॉ. बीआर अंबेडकर के काम से गहराई से प्रेरित हूं। कुछ लोगों को यह आश्चर्यजनक लग सकता है, लेकिन जो लोग उनके काम से परिचित हैं, वे 'बंगाली 1947' में उनके प्रभाव को पहचानेंगे।

लामा ने आगे कहा, भारत में सात हजार से अधिक वर्षों से एक अखंड दार्शनिक वंशावली है। दुर्भाग्य से, देश के आम लोगों को इसके बारे में पता नहीं है। मैंने एक मनोरंजक सिनेमाई तरीके से प्रेम और राजनीति पर भारतीय दृष्टिकोण को व्यक्त करने का प्रयास किया है।'' दो बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और निर्माता सतीश पांडे ने कहा, यह फिल्म निर्देशक के एक नाटक 'शबरी का मोहन' पर आधारित है। उन्होंने आगे कहा, ''यह कहानी बंगाल पर केंद्रित है, एक ऐसा क्षेत्र जिसे हिंदी फिल्म निर्माताओं ने शायद ही छुआ हो। हम अतीत की एक प्रेम कहानी बता रहे हैं जो हमारे वर्तमान को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। अगर हम लोगों को सिनेमाघरों तक लाने में सफल रहे तो इसका निश्चित तौर पर प्रभाव पड़ेगा।'' यह फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'मडगांव एक्सप्रेस' के ट्रैक 'रातों के नजारे' में दिखीं तीन दोस्तों की मस्ती

मुंबई/एजेन्सी

अपकमिंग फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना 'रातों के नजारे' सोमवार को रिलीज किया गया। इस गाने में लड़कों की मौज-मस्ती से भरी गोवा यात्रा को दिखाया गया है। इस गाने को शारिब और तोशी ने कंपोज किया है। इसे बेनी दयाल और शारिब ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल कलीम शेख ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में तीन लोगों को अपने जीवन का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। इस ट्रैक में मनमोहक बीट्स के साथ शानदार डांस मूव्स भी शामिल हैं, जिसे विजय गांगुली ने कोरियोग्राफ किया है।

इससे पहले फिल्म का ट्रेलर मुंबई में लॉन्च किया गया था। ट्रेलर में बचपन के दोस्तों दिव्येंदु, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की कहानी को दिखाया गया है। कहानी में दिखाया गया है कि कैसे गोवा में लड़के खुद को स्थानीय ड्रग्स गिरोह और पुलिस से जुड़ी परेशानियों के बीच पाते हैं।

फिल्म को और मनोरंजक बनाने के लिए इसमें नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। 'ढोल', 'कलयुग', 'लूटकेस' और अन्य फिल्मों में दिखाई देने वाले कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है। 'मडगांव एक्सप्रेस' 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# वेब सीरीज 'थेरेपी शेरेपी' में एक साथ दिखाई देंगे गुलशन देवैया और नेहा धूपिया

मुंबई/एजेन्सी

एक्टर गुलशन देवैया और नेहा धूपिया मेंटल हेल्थ पर आधारित वेब सीरीज 'थेरेपी शेरेपी' में पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर गुलशन ने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर हर परिवार अपने सदस्यों के लिए एक सुरक्षित स्थान बना सके तो इस दुनिया से बहुत सारी परेशानियां गायब हो जाएंगी। इससे लोग बेहद खुश रहेंगे। शो की कहानी औसत मध्यम आय वाले परिवार के बारे में है।'' उन्होंने आगे कहा, मैं देख रहा हूं कि लोग धीरे-धीरे परिवार के पालन-पोषण के लिए एक सुरक्षित स्थान बना रहे हैं। दुनिया एक बेहतर जगह हो सकती है और हमें इसकी शुरुआत घर से ही करनी चाहिए।'' सूत्रों के अनुसार, 'थेरेपी शेरेपी' की शूटिंग फिलहाल चल रही है, कहानी के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

भगवान महावीर ने पुस्तक की सुरक्षा के लिए कवर की, शरीर की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य की नितान्त आवश्यकता बताई, वैसे ही जीवन की सुरक्षा व इहलोक एवं परलोक की सुरक्षा के लिए धर्म की आवश्यकता है। धर्म के क्षेत्र में छलावा या प्रदर्शन न हो। छल कपट, प्रपंच न हो। आत्मशुद्धि का साधन ही धर्म है।



# मासिक बैठक में 'ऑरिकुलर थेरेपी' की दी जानकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। महावीर इंटरनेशनल रॉयल चेन्नई के तत्वावधान में और सज्ञनराज मेहता की अध्यक्षता में सोमवार को प्रेसीडेंसी क्लब के रुबी हॉल में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में थेरेपी विशेषज्ञ विवाह बम्बोली ने ऑरिकुलर थेरेपी के बारे में जानकारी दी। ऑरिकुलर थेरेपी यानी शरीर में 2000 से भी ज्यादा ऐसे बिंदू है जो हमारे पूरे शरीर को रिप्रेजेंट करते है ऐसे में उन बिंदुओं पर हल्की सी मालिश घर्षण या दबाव देने से अनेक रोगों का समाधान होता है । बम्बोली ने उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।

मंच संचालन मंत्री राकेश खटेड़ ने किया। संस्था की ओर से बम्बोली दम्पति का सम्मान किया गया।

इस मौके पर संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित थे।





# माहेश्वरी सभा के 'होरी खेले रघुवीरा' में रंगारंग कार्यक्रमों की रही धूम

## होली मिलन समारोह में अनेकों का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के डीजी वैष्णव कॉलेज में माहेश्वरी सभा द्वारा होली मिलन समारोह 'होरी खेले रघुवीरा-2024' का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में राजस्थान से आए प्रसिद्ध चंग की 11 सदस्यों की टीम ने चंग की धुन पर उपस्थित सभी सदस्यों को झूमा दिया। रंगोली,फेन्सी ड्रेस व ललन का श्रृंगार प्रतियोगिता, रसिया फूलो की होली, मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि कई कार्यक्रमों ने खूब रंग जमाया। मिलन कार्यकम में रंगोली, फेन्सी ड्रेस व ललन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सभा के कोषाध्यक्ष अनुराग माहेश्वरी, सहसचिव सुरेश भट्टर, सचिव जय मूंदडा, उपाध्यक्ष कमल गोयदानी, महिला मंडल अध्यक्षा प्रेमलता टावरी, अध्यक्ष अशोक मूंदडा, मद्रास माहेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रबन्ध न्यासी अशोक लखोटिया,तमिलनाडु केरल पॉण्डिचेरी के अध्यक्ष प्रमोद मालपानी मंचासीन थे। अशोक मूंदड़ा ने सभी का स्वागत किया तथा होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। अशोक लखोटिया, प्रमोद मालपानी आदि सदस्यों ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए होली की शुभकामनाएं दी। संयोजक अनुराग माहेश्वरी ने पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के दौरान श्री माहेश्वरी स्पोर्टस् क्लब द्वारा पिछले पूरे वर्ष में स्पोर्ट्स अचीवर को मालपानी बिसानी एंडोमेंट्व के तहत चाँदी के मेडल द्वारा सम्मानित किया गया। गत दिनों राजस्थान एसोसिएशन द्वारा से राजस्थानश्री से अलंकृत गौरीशंकर राठी का भी विशेष सम्मान किया गया। रंगोली, फेन्सी ड्रेस एवं् ललन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महिला मण्डल, समन्वय व मिस्टर मिसेज़ ने संयुक्त रूप से समाज के 80 से अधिक युवक-युवती प्रतिभागियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सचिव संजय मूंदडा ने धन्यवाद दिया। खानपान की पूरी जिम्मेदारी कमल गोयदानी व यातायात की व्यवस्था ब्रजेश भैया की टीम ने संभाली। इस अवसर पर राजस्थान एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनलाल बजाज सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

इसी कार्यक्रम में एमजीएम हॉस्पिटल की तरफ़ से सभी सदस्यों के लिए क्लिनिकल टेस्ट का भी आयोजन किया गया था, जिसमें बहुतायत सदस्यों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन अक्षिता मूंदड़ा व प्रगति राठी ने किया। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में माहेश्वरी सत्संग समिति, माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब, माहेश्वरी युवा मंडल, माहेश्वरी महिला मण्डल, श्री माहेश्वरी क्लब, गवरजा माता, फूड बैंक ,समन्वय मिस्टर मिसेज़ आदि संस्थाओं का सहयोग प्राप्त हुआ।




# एफटीएस महिलाओं ने खेल खेल में 81 एकल स्कूलों के लिए जुटाई सहयोगराशि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के एक होटल में फ्रेंडस वेलफेयर सोसाइटी (एफटीएस) चेन्नई महिला ने अपना मेगा फंड रेज़र कार्यक्रम तम्बोला का आयोजन किया। अध्यक्ष वीणा झवर ने उपस्थित सभी का स्वागत किया और एकल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तम्बोला चेयरपर्सन निर्मला नाहर ने सभी का स्वागत किया। सभी ने इस कार्यक्रम के लिए नगद राशि, गोल्ड कॉइन, सिल्वर कॉइन दिए। सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया गया। तम्बोला चेयरपर्सन विशाखा पांड्या ने एकल के बारे में स्लाइडशो दिखाकर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में क़रीबन 240 महिलाओं की उपस्थिति थी ।

इस मौके पर खरीददारी के लिए ज्वेलरी व बैग आदि आइटमों को स्टाल भी लगाए गए। तम्बोला के सभी विजेताओं को नक़द राशि एवं सिल्वर सिक्के उपहारों के स्वरूप में दिए गए। अंत में बंपर बिंगो राउंड खेला गया ,जिसमें उपहार स्वरूप गोल्ड कॉइन और सिल्वर कॉइन दिए गए। सचिव पुष्पलता झवर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया । इस तम्बोला फंड रेज़र से 81 स्कूलों के लिए योगदान राशि प्राप्त हुई।




# महिलाओं के लिए आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आचार्यश्री हीराचंद्रजी म.सा के 86वें जन्मदिवस व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जैन रत्न श्राविका मण्डल तमिलनाडु ने जरुरतमंद साधार्मिक महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन साहुकारपेट स्थित जैन मेडिकल रिलीफ सोसाइटी में किया। उपाध्यक्ष पारसमल सुराणा ने सभी का स्वागत किया। रिलीफ सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक मेहता ने संस्था की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष नरेन्द्र कांकरिया व युवक परिषद शाखा प्रमुख संदीप ओस्तवाल ने अशोक मेहता का सम्मान किया।

संचालक सचिव अजय दुगड ने बताया कि इस शिविर के प्रायोजक नागरमल छाजेड परिवार का स्वागत ज्ञान कोठारी, अजय दुगड व श्राविकाओं ने किया। सुरेशचंद कांकलिया ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर सोसाइटी के चेयरमैन रिखबचंद लोढा महासंघ चेन्नई के महामंत्री गौतम कांकरिया, महेन्द्र बोहरा आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे। शिविर में अनेक सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रपति मुर्मू को 'डॉक्टर ऑफ सिविल लॉ' की मानद डिग्री प्रदान की



पोर्ट लुइस। मॉरीशस विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'डॉक्टर ऑफ सिविल लॉ' की मानद डिग्री प्रदान की। यह कदम दोनों देशों के बीच संबंधों की गहराई को दर्शाता है।

सामाजिक न्याय और
अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

वंचितों को वरीयता
मोदी सरकार की गारंटी



"आज जो सबसे वंचित है, सबसे पिछड़ा है, हमारी सरकार में वो सबसे पहली प्राथमिकता है। समाज में जो सबसे आख़िरी वर्ग होता था, हमने विकास में उसे सबसे पहला दर्जा दिया।"
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज)
राष्ट्रीय पोर्टल का लॉन्च

वंचित समूहों के लाभार्थियों को रोजगार कारोबार के लिए 1 लाख ऋण का वितरण
वेंचर कैपिटल फण्ड, असीम और नमस्ते योजनाओं से लाभार्थियों का सशक्तिकरण
व्यवसाय के नए अवसरों का प्रोत्साहन

1 लाख पीपीई किट और नमस्ते आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के वितरण का शुभारंभ

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

बुधवार, 13 मार्च 2024 | अपराह्न 4:00 बजे

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. वीरेन्द्र कुमार
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार

रामदास आठवले
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार

ए नारायणस्वामी
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार

प्रतिमा भौमिक
माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार

वंचित कल्याण के 10 साल

- पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला
- 4 करोड़ आवास, 14 करोड़ से अधिक नल से जल, 12 करोड़ से अधिक शौचालय और 10 करोड़ से अधिक उज्ज्वला कनेक्शन से गरीबों का जीवन हुआ आसान
- मुद्रा योजना के तहत 41 करोड़ ऋण खातों में 23 लाख करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत, जिसमें 51% लाभार्थी SC/ST और OBC श्रेणियों के उद्यमी
- अनुसूचित जाति के लिए डेवलपमेंट एक्शन प्लान फॉर शेड्यूल्ड कास्ट के तहत बजट आवंटन 2014 के 41,500 करोड़ रुपये के मुकाबले अब 1 लाख 42 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक
- लगभग 19 करोड़ SC, EBC और OBC विद्यार्थियों को 47,500 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और सफाई कर्मचारियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 25 लाख से अधिक लाभार्थियों को 11,700 करोड़ रुपये की सहायता
- बौद्ध अध्ययन और पंचतीर्थ योजना को बढ़ावा देते हुए डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र का विकास
- विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए विकास और कल्याण बोर्ड का गठन

cbc 38101/13/0075/2324



अधिक जानकारी के लिए पीएम-सूरज पोर्टल pmsuraj.dosje.gov.in पर जाएँ
डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.